हरिभूमि
# रायपुर भूमि





## भाठागांव चौक के पास लीकेज सुधारने खोदा गड्ढा बना नासूर, मुरुम, बजरी डालने से धंस रही सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रिंगरोड में लग रहा जाम, दोपहिया, तिपहिया, पैदल चलने वाले त्रस्त
- भाठागांव चौक के पास फिर से पाइप लाइन लीकेज
- निगम का जल विभाग फिसड्डी

भाठागांव चौक के पास 10 दिन पहले पाइप लाइन लीकेज ढूंढने रोड ब्लाक कर 7 फीट गहरा खोदा गया। गड्ढा को मरम्मत के बाद मुरुम और बजरी डालकर पाट दिया गया। वही गड्ढा अब लोगों के लिए नासूर बन गया है। गड्ढे वाली जगह दलदली होने के कारण इस मार्ग पर आने-जाने वाली गाड़ियां इस गड्ढे में फंस रही हैं। मिट्टी गीली होने और वहीं पर एक और जगह पाइप लाइन लीकेज होने से इस मार्ग में कीचड़ और गंदा पानी लोगों के लिए परेशनी का सबब बना है। गुरुवार को भाठागांव चौक के पास इसी गड्ढे वाली जगह पर दोपहिया, तिपहिया और ▶▶|शेष पेज 13 पर

### कंक्रीट कराएंगे

भाठागांव से काठाडीह मार्ग पर नाली निर्माण का काम चल रहा है। इसकी वजह से यह सड़क जर्जर हो गई है। दलदली वाली जमीन पर मुरुम और मिट्टी डालकर गड्ढा पाटा गया था। अब इसे कंक्रीट कराया जाएगा।

-नरसिंग फरेंद, कार्यपालन अभियंता जल

### नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है।

# थोक में तुरंत राहत, चिल्हर में पुराने स्टॉक का रोना, हफ्तेभर में बदल सकते हैं हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लाइव

- थोक कारोबारियों को मिलता इनपुट क्रेडिट, चिल्हर कारोबारियों को नहीं, इसलिए परेशानी

जीएसटी के स्लैब में बदलाव के ज्यादातर सामान में फायदा मिलने लगा है, लेकिन रोजमर्रा के किराना और डेली नीड्स के बहुत से सामान में चिल्हर में इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। हरिभूमि की पड़ताल में यह बात सामने आ रही है कि थोक कारोबारियों ने तो तत्काल 22 सितंबर से ही नए स्लैब के हिसाब से सामान बेचना प्रारंभ कर दिया है, भले इनके पास स्टॉक पुराना है, लेकिन चिल्हर कारोबारियों के पास जो पुराना स्टॉक है, उसको नए स्लैब के हिसाब से कम दाम पर नहीं बेचा जा रहा है। इसके पीछे का कारण यह बताया जा रहा है कि थोक कारोबारियों को तो इनपुट क्रेडिट मिल जाता है, लेकिन उन छोटे चिल्हर कारोबारियों को इनपुट ▶▶|शेष पेज 13 पर




### इनपुट क्रेडिट न मिलने से परेशानी

चिल्हर दुकानदारों को जिनका टर्नओवर 25 लाख से कम है, इनपुट क्रेडिट नहीं मिलता है, इसलिए उनके लिए पुराने स्टॉक को कम स्लैब वाले जीएसटी के हिसाब से बेचना संभव नहीं है। उनके स्टॉक के समाप्त होने तक कुछ दिनों की परेशानी रहेगी, इसके बाद सब सामान्य हो जाएगा।

- प्रेम पाहुजा
अध्यक्ष, डूमरतराई थोक बाजार

### चिल्हर में नहीं मिल रहा लाभ

रोज के उपयोग वाले जिन भी सामान जैसे साबुन, शैपू, टूथपेस्ट, नूडल्स, घी, पनीर, ट्रेटा पैक दूध, नमकीन, भुजिया सेव, सॉस, पास्ता, चॉकलेट, काफी आदि अब पांच फीसदी जीएसटी कर दिया गया है। लगातार ग्राहकों की यह शिकायत मिल रही है कि उनको कम जीएसटी का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इन सामानों की खरीदारी ग्राहक चिल्हर दुकानों से करते हैं। हरिभूमि की पड़ताल में यह बात सामने आई है कि किराना और डेली नीड्स दुकानदार कम जीएसटी के दाम पर सामान इसलिए नहीं बेच रहे हैं क्योंकि उनके पास जो सामान है, वो सब 22 सितंबर से पहले का खरीदा हुआ है। इन सामानों पर वे पहले ही थोक कारोबारियों को 12 या 18 फीसदी के हिसाब से जीएसटी का भुगतान कर चुके हैं। अब इनकी परेशानी यह है कि इनको इनपुट क्रेडिट नहीं मिलता है, इसलिए इनका पुराने स्टॉक के सामानों को कम कीमत पर बेचना संभव नहीं है। चिल्हर कारोबारी कहते हैं, जब नया स्टॉक आएगा, तो केंद्र सरकार के आदेश के मुताबिक वे भी कम दाम पर ही बेचेंगे।

### थोक बाजार में तत्काल लागू

राजधानी के सबसे बड़े थोक डूमतरई बाजार में 22 सितंबर से ही जीएसटी के नए स्लैब के हिसाब से सामान बेचे जा रहे हैं। डूमरतराई थोक बाजार के अध्यक्ष प्रेम पाहुजा का कहना है कि थोक कारोबारी चाहेंगे तो भी अपना स्टॉक पुराने जीएसटी के स्लैब पर नहीं बेच सकते हैं। यह जिस किसी भी ऐसे सामान का बिल बनाएंगे जिस पर पहले 12 फीसदी जीएसटी थी और अब पांच फीसदी हो गई है तो अगर ये पुरानी जीएसटी से पैसे लेंगे तो उनका बिल जीएसटी के पोर्टल में रद्द हो जाएगा। उसको मंजूर ही नहीं किया जाएगा। थोक कारोबारियों को पुराने स्टॉक पर इनपुट क्रेडिट मिल जाएगा।

### दुकानदारों का दोहरा मापदंड

चिल्हर कारोबारी भले इस बात की दुहाई दे रहे हैं कि उनके पास पुराना स्टॉक होने के कारण वे कम स्लैब वाले जीएसटी के हिसाब से कैसे सामान बेच सकते हैं, लेकिन यही कारोबारी जिन तंबाकू के उत्पाद में अब 40 फीसदी जीएसटी हो गया है, उनको बढ़े दाम पर बेच रहे हैं। ग्राहक इसको लेकर कहते हैं कि यह तो दुकानदारों का मुनाफाखोरी का दोहरा मापदंड है।

## मेडिकल कालेज रिश्वतकांड में चार्जशीट, हवाला के जरिए पहुंचा 55 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

रावतपुरा मेडिकल कॉलेज की मान्यता के लिए 55 लाख रुपए रिश्वत देने के मामले में सीबीआई ने पूर्व में जिन छह लोगों को गिरफ्तार किया है, उनके खिलाफ कोर्ट में चालान पेश कर दिया है। चालान में मान्यता दिलाने किस तरह से रिश्वत की रकम पहुंचाई गई, इसका विवरण दिया गया है। सीबीआई ने रिश्वत मामले का भंडाफोड़ संबंधितों के मोबाइल सर्विलांस के माध्यम से किया है।

चार्जशीट के अनुसार सीबीआई को इंटरसेप्टेड रिकॉर्डेड कॉल आईडी के माध्यम से पता चला कि संस्थान के डायरेक्टर अतुल कुमार ▶▶|शेष पेज 13 पर

### रकम पहुंचाने ऐसे किया इंतजाम

सीबीआई जांच में पता चला है कि अतुल रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के पूर्व ट्रस्टी मनोज कुमार अग्रवाल के माध्यम से हवाला के माध्यम से सतीशा को डॉ. मंजप्पा और डॉ. चैत्रा एमएस के लिए 55 लाख रुपए रिश्वत की रकम पहुंचाने का इंतजाम किया। मनोज कुमार की ओर से रोशन नाम के एक व्यक्ति ने भोपाल में जतिन पटेल से संपर्क ▶▶|शेष पेज 13 पर

### एक मूल्यांकनकर्ता पैसे लेने तैयार नहीं था

चार्जशीट के मुताबिक अतुल ने रविशंकर महाराज को जानकारी दी थी कि कालेज को मान्यता देने आने वाले चार लोगों में से एक डॉ. मंजप्पा सीएन रकम लेने तैयार नहीं है। इसके बाद प्रबंधन ने अतुल को डॉ. मंजप्पा का प्रबंध करने आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने अतुल को मूल्यांकनर्ताओं को उनकी मांग के अनुरूप सब कुछ प्रदान करने कहा। उन दोनों के बीच मोबाइल में बातचीत का विवरण चालान की कॉपी में उल्लेख है।



# जल संचय जनभागीदारी में छत्तीसगढ़ का परचम, राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान, रायपुर नगर निगम को मिला प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जल संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर इतिहास रचा है। जल संचय जनभागीदारी 1.0 ( जेएसजेबी) के परिणामों में प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि जल प्रबंधन और जनभागीदारी के संगम का जीवंत उदाहरण है। प्रदेश में अब तक 4,05,563 कार्य पूर्ण कर जल संरक्षण को एक जन-आंदोलन में बदल दिया गया है।

## जन-संवाद और जनभागीदारी आधारित सुशासन नीति का प्रतिफल है यह सफलता : मुख्यमंत्री साय

### सीएम ने प्रदेशवासियों को दी बधाई

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस सफलता पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित जल-संपदा की नींव है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के क्षेत्र में यह उस सामूहिक चेतना का प्रमाण है, जिसने छत्तीसगढ़ को देश के लिए एक प्रेरणा बना दिया है। प्रदेश के शहरी निकायों में भी छत्तीसगढ़ ने अपनी श्रेष्ठता स्थापित की है। रायपुर नगर निगम ने पूरे देश में शीर्ष स्थान प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। यहाँ 33,082 कार्यों के माध्यम से न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा दिया गया, बल्कि इसे जन-सहभागिता आधारित शहरी विकास का मॉडल बना दिया गया।



### ये रहा परिणाम

जिला स्तर पर भी छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। कैटेगरी-1 में बालोद को प्रथम स्थान, राजनांदगांव को द्वितीय स्थान और रायपुर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। इन तीन जिलों को पुरस्कार स्वरूप 2-2 करोड़ की राशि प्राप्त होगी। वहीं केटेगरी 2 में महासमुंद, बलौदा बाजार और गरियाबंद को 1-1 करोड़ रुपए से सम्मानित किया जाएगा। केटेगरी 3 में बिलासपुर, रायगढ़, बलरामपुर, धमतरी, सुरजपुर और दुर्ग को उनकी उत्कृष्ट भागीदारी के लिए 25-25 लाख के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। यह दर्शाता है कि पूरे प्रदेश में जल संरक्षण को प्राथमिकता के साथ अपनाया गया है।

### रायपुर निगम की सराहना

रायपुर नगर निगम को मिले राष्ट्रीय सम्मान पर मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से निगम प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में सामुदायिक सहयोग से जल संचय की यह मिसाल पूरे देश के लिए अनुकरणीय है और अन्य नगर निगम भी इससे सीख सकते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि जल संरक्षण के इस अभियान को केवल सरकारी कार्यक्रम न मानें, बल्कि इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि बूंद-बूंद का संरक्षण ही भविष्य की जल-सुरक्षा की गारंटी है।

## खबर संक्षेप

### एआई का नाम लेकर कांग्रेस फैला रही भ्रमः मार्कंडेय

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कंडेय ने कहा कि एआई आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस का नाम लेकर कांग्रेस केवल भ्रम फैला रही है और अपनी विधायक को भ्रष्टाचार के मामले में बचा रही है। दीपक बैज को इस मामले में सत्य को स्वीकारते हुए एफआईआर करवानी चाहिए, लेकिन कांग्रेस केवल इस मामले में पर्दा डालने के लिए एआई वॉइस की बात कहकर अपनी महिला विधायक शेषराज हरबंश को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

### भूपेश के खिलाफ टिप्पणी पर पार्षद साहू को नोटिस

**रायपुर।** कांग्रेस पार्टी ने पार्षद संदीप साहू को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप है। साथ ही चार अन्य पार्षदों को भी नोटिस भेजा गया है। सभी को तीन दिन के भीतर जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। यह नोटिस शहर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने जारी किया है। जारी नोटिस में कहा गया है कि संदीप साहू शहर जिला कांग्रेस कमेटी के किसी भी कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो रहे हैं।

### भारी बारिश से फसल को नुकसान, दें मुआवजाः धनेंद्र

**रायपुर।** रायपुर जिले में अत्यधिक बारिश से धान की फसल को नुकसान हुआ है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू ने इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे करवाकर किसानों को नुकसान का मुआवजा दिया जाए। एक बयान में श्री साहू ने कहा है, रायपुर जिले में हुई हालिया अत्यधिक वर्षा ने किसानों की मेहनत पर गहरा संकट खड़ा कर दिया है। जिले के प्रायः समस्त ग्रामों में खड़ी धान की फसल जो अगली किस्म की थी, जो लगभग पकने के करीब आ रही थी, वह सब पानी की अतिवृष्टि के कारण गिरकर भीग गई है। पानी में भीगने के कारण सड़ रही है।

## एक हजार को रोजगार, छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को मिलेगी नौकरी

# नवा रायपुर में 10 हजार करोड़ का सेमीकंडक्टर प्लांट 40 लाख के रेट पर 30 एकड़ जमीन देगी सरकार

**नवा रायपुर में 10 हजार करोड़ रुपयों की लागत से लगने वाले सेमीकंडक्टर विनिर्माण प्लांट को राज्य सरकार अपनी औद्योगिक नीति 2024-30 के तहत विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज (बी-स्पोक पैकेज) देने जा रही है। इस प्रोजेक्ट के लिए नवा रायपुर में 30 एकड़ जमीन कंपनी को 40 लाख रुपए प्रति एकड़ के रेट पर दी जाएगी। इस प्रोजेक्ट से करीब 1000 लोगों को रोजगार मिलेगा, लेकिन साथ ही यह शर्त भी होगी की छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को रोजगार देना होगा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राज्य में यह औद्योगिक विकास वृहद उद्योग की स्थापना इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में निवेश मेसर्स आर्टिफिशियल इलेक्ट्रानिक्स इंटेलिजेंट मटेरियल लिमिटेड कंपनी कर रही है। सरकार ने इसके लिए विशेष निवेश प्रोत्साहन पैकेज (बी स्पोक) जारी किया है। कंपनी ने राज्य में सेमीकन्डक्टर विनिर्माण के लिए 10,000 करोड़ रुपये निवेश एवं 1000 व्यक्तियों के लिए रोजगार सृजित होना प्रस्तावित किया गया है। इसके अंतर्गत घोषित किए जा रहे पैकेज में राशि रु. 1000 करोड़ के प्रस्तावित निवेश के आधार पर इकाई को नया रायपुर अटल नगर में 30 एकड़ भूमि का आवंटन एवं स्थायी पूंजी निवेश अनुदान एवं विद्युत शूल्क छूट के लिए पात्रता होगी।

### 30 एकड़ जमीन 40 लाख के रेट पर

कंपनी को भूमि का आवंटन नया रायपुर अटल नगर में रु 40 लाख एकड़ की दर से 30 एकड़ भूमि का आवंटन किया जाएगा।स्थायी पूंजी निवेश अनुदान मान्य स्थायी पूंजी निवेश का 29 प्रतिशत, अधिकतम रु 330 करोड़ वार्षिक, 1000 करोड़ के निवेश के बाद प्रथम उत्पादन दिनांक से 7 समान वार्षिक किश्तों, में वितरित किया जाएगा। विद्युत शुल्क से छूट प्रथम वाणिज्यिक उत्पादन दिनांक से 12 वर्ष तक विद्युत शुल्क से पूर्ण छूट प्रदान की जाएगी।



### कुल पूंजी निवेश एवं रोजगार गणना की समय-सीमा

उद्यम आकांक्षा दिनांक या भूमि भवन आवंटन दिनांक अथवा भू-आधिपत्य दिनांक, जो पूर्ववर्ती हो, से प्रथम वाणिज्यिक उत्पादन दिनांक तक एवं उसके अगले 5 वर्षों तक किए गए स्थायी पूंजी निवेश को कुल निवेश में शामिल किया जाएगा। प्रथम वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ दिनांक से 5 वर्षों तक उत्पन्न रोजगार को भी कुल रोजगार में सम्मिलित किया जाएगा। इकाई को इस पैकेज का लाभ तभी प्राप्त होगा, जब ने वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ होने से 5 वर्षों के भीतर न्यूनतम 1000 करोड़ का निवेश करेगा अथवा 1000 युवाओं को रोजगार प्रदान करेगा। तब तक इकाई औद्योगिक विकास नीति के अध्याय (स-4) में उल्लेखित पैकेज के लिए पात्र होगी। वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ दिनांक से इस पैकेज के अंतर्गत उल्लेखित अतिरिक्त निवेश प्रोत्साहन परियर्स के रूप में प्रदान किए जाएंगे।

### पैकेज के लिए ये हैं शर्तें

कंपनी को दिया जाने वाले पैकेज इन शर्तों के अधीन होगा। आर्थिक निवेश प्रोत्साहन की पात्रता कंपनी को इस पैकेज का लाभ तभी मिलेगा, जब वह न्यूनतम रू. 1000 करोड़ का स्थायी पूंजी निवेश करे अपना 1000 व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करे। इकाई को अपना वाणिज्यिक उत्पादन 31 मार्च, 2030 से पहले प्रारंभ करना आवश्यक होगा।

### छत्तीसगढ़ के मूल निवासी को रोजगार

इकाई को औद्योगिक विकास नीति 2024-30 की शर्तों के अनुसार छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों को रोजगार प्रदान करना होगा। पैकेज का क्रियान्वयन सम्बंधित छूट, अनुदान, प्रतिपूर्ति हेतु जारी नियमों में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा, तथा आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा जारी किए जा सकेंगे।

## पं. दीनदयाल ने भारतीय राजनीति को नई दिशा दी : सीएम साय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्मृति मंदिर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय राजनीति को नई दिशा दी। उनकी विचारधारा एकात्म मानववाद आज भी समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के विकास और उत्थान की प्रेरणा देती है। उनका संपूर्ण जीवन समर्पण, सादगी और राष्ट्रहित के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे उनके आदर्शों पर चलकर समाजसेवा एवं राष्ट्रसेवा में सक्रिय रूप से योगदान दें। भाजपा नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, उनका सपना था कि समाज का कोई भी व्यक्ति शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सम्मान की मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों पर चलकर अंत्योदय के विचार को मूर्त रूप देने में अपना योगदान देंगे। इस दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, केबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, विधायक मोतीलाल साहू, प्रदेश मंत्री जयंती पटेल, अमित साहू, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी, व नान अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, अपेक्स बैंक अध्यक्ष केदार गुप्ता, अंजय शुक्ला, महापौर मीनल चौबे, जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री सत्यम दुवा, अमित मैशेरी, नजमा अजीम, मिनी पांडेय, विश्वादिनी पांडेय, आदि मौजूद रहे।

छठवीं पुण्यतिथि

जन्म
04-05-1960



निर्वाण
26-09-2019

स्व. श्री ओमप्रकाश पुजारी

" यादें उनकी दिल में बसाए रखते हैं,आँखों में आंसू छुपाए रखते हैं।
गुज़र गए वो इस जहां से लेकिन,हम हर पल उन्हें याद किए रहते हैं।।"

हमारे परमप्रिय प्रेरणास्पद स्व. श्री ओमप्रकाश पुजारी जी को उनकी छठवीं पुण्यतिथि पर अश्रुपूरित आदरांजली ।

आपके सानिध्य में व्यतीत प्रत्येक पलों को अपनी मधुर समृतियों में संजोकर हम सभी आपकी दिव्यात्मा की शांति हेतु परमपिता परमेश्वर से पुण्य प्रार्थना करते हैं।
आप भगवान जगन्नाथ जी के श्री चरणों में निवास करें।

-: श्रद्धावनत् :-

श्रीमती प्रतिमा ओमप्रकाश पुजारी (अर्धांगिनी)
तोरण प्रकाश पुजारी (भाई)
धर्मेंद्र प्रकाश पुजारी (भाई)

राशि - नीतीश कौशिक (पुत्री-दामाद)
आयुशी-अंजिनेश शुक्ला (उच्च न्यायालय अधिवक्ता) (पुत्री-दामाद)
त्रयाक्ष कौशिक (नाती), आधिरायन शंकर शुक्ला (नाती)

विनीत : समस्त पुजारी परिवार, रायपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### साहू संघ के संतोष अध्यक्ष निर्वाचित

**तरपोंगी।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार तहसील साहू संघ तिल्दा अंतर्गत परिक्षेत्र साहू संघ लखना का निर्वाचन सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर संतोष साहू खैरखूंट, उपाध्यक्ष मुकेश साहू सरोरा, महिला उपाध्यक्ष सोनम साहू सड्डू, संगठन सचिव दुष्यंत साहू सरोरा, महिला संगठन सचिव रतनी साहू बेमता, निर्वाचित हुए। उक्त निर्वाचन को पोषण साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ, उपाध्यक्ष गिरेन्द्र साहू, सचिव डागेश्वर साहू, डॉ शिवकुमार साहू, रायखेड़ा परिक्षेत्र अध्यक्ष झब्बू साहू, किरना परिक्षेत्र अध्यक्ष पवन साहू, उपाध्यक्ष संतोष साहू, बेनीराम साहू, त्रिलोचन साहू, नेवरा, निर्वाचन अधिकारी के रूप में सम्पन्न कराया। इस अवसर पर पूर्व तहसील अध्यक्ष तुलाराम साहू, बलदाऊ साहू, तखतराम साहू सचिव, ओमिन साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ, डॉ तखत साहू, रंजीत साहू, उत्तम साहू, डॉ शेखर साहू, भरत साहू, परमेश्वर साहू, जामवती साहू, किशोर साहू, मोहन साहू, अजय साहू, लेखराम साहू, युगल साहू, रूपकुमार साहू, अरुण साहू, लोकनाथ साहू सहित पूरे परिक्षेत्र ग्रामीण महिला सहित पदाधिकारी गण उपस्थित थे। उक्त निर्वाचन में 98 प्रतिशत मतदाताओ ने मतदान किया। अंत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष संतोष साहू आभार ब्यक्त किया।

### मोबाइल छीन कर भागा और 1.93 लाख किया ट्रांसफर

**अभनपुर।** नेशनल हाईवे रायपुर रोड पर बस के इंतजार मे खड़ा नूतन तिवारी नामक व्यक्ति से तीन लोगो ने मोबाईल छीन कर सभी आरोपियो ने अपने अपने खाते मे 1 लाख 93 हजार रूपये पैसे ट्रांसफर कर लिया गया। बताया गया कि प्रार्थी शाम 7 बजे के करीब ढाबा मे खाना खाने गया था इसी दौरान आरोपियो ने मोबाइल का पासवर्ड देख लिया प्रार्थी के घर जाने के लिए बस के इंतजार मे खड़ा हुआ था इसी दौरान आरोपियो ने उसका मोबाईल छीन कर पैसा ट्रांसफर किया गया प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था इसी दौरान मुखबीर की सूचना एवं प्रार्थी द्वारा बताये गये हुलिये के अनुसार दो नाबालिक को पकडक़र थाना लाया गया घटना के संबंध मे कढ़ाई से पूछताछ करने पर आरोप स्वीकार किया।

# सत्य संगठन ने नवरात्रि पर पौधारोपण कर हरियाली रक्षा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नवरात्रि के पावन अवसर पर माता रानी की असीम कृपा से सत्य सनातन संगठन ने एक बार फिर पर्यावरण संरक्षण की मिसाल पेश की। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बड़े उत्साह के साथ वृक्षारोपण अभियान चलाया।संगठन के युवा अध्यक्ष तेजराम निषाद के नेतृत्व में समिति ने संकल्प लिया कि नवरात्रि के प्रत्येक दिन पौधारोपण से दिन की शुरुआत होगी और कम से कम पाँच पौधे रोपे जाएंगे।

वहीं हर त्योहार पर दस पौधों का सृजन करने का प्रण भी लिया गया। वृक्षारोपण अभियान अंतर्गत सड़क किनारे, तालाब के पास और समिति सदस्यों के घरों के आँगन में छायादार व फलदार पौधे लगाए गए। साथ ही उनकी सुरक्षा और सिंचाई की जिम्मेदारी भी समिति ने स्वयं उठाई है। इस अवसर पर अध्यक्ष तेजराम निषाद ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें संरक्षित करना है ताकि गाँव की सुंदरता बनी रहे, राहगीरों को छाँव मिले, बच्चों को खेलने व झूला बाँधने के लिए पेड़ उपलब्ध हों और आने वाली पीढ़ियाँ इन वृक्षों को हमारी युवा सोच की पहचान के रूप में देख सकें। इस वर्ष का अभियान विशेष रूप से एक बेड़ माँ और जगत जननी माँ दुर्गा के नाम समर्पित किया गया।

## नवरात्रि के प्रतिदिन की शुरुआत पौधारोपण से किया जा रहा है

### पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा

संगठन के पदाधिकारी युवा अध्यक्ष तेजराम निषाद, उपाध्यक्ष निकेश यादव, सह सचिव रिंकु यादव, संचालक चंदु निर्मलकर, मीडिया प्रभारी यशवंत भारती, सदस्यगण सागर, करण, अप्पू, सोनू, हेमराज, चंदन, बीरबल, कमल, ओमकार, युगेश, लोकेश मानिकपुरी, तामेश्वर, मनीष धीवर, लक्की, जय तथा अन्य सहयोगियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। गाँववासियों ने संगठन की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यह अभियान न केवल वातावरण को हरा भरा बनाएगा, बल्कि समाज में पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा भी देगा।



### महामाई मंदिर में 458 ज्योति कलश स्थापित

तरपोंगी। समीपस्थ ग्राम सांकरा (देवरानी जेठानी) नाला महामाई मन्दिर में क्वार नवरात्रि पर्व पर इस वर्ष 458 ज्योति प्रज्वलित है। जिसमे घृत के 86 व तेल के 372 ज्योति शामिल है।



## समारोह : जयंती समारोह में उपाध्याय के त्याग और तपस्या को याद किया

# एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल ने देशसेवा के लिए अंग्रेजों की नौकरी छोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

अग्रसेन योगासन शाखा एवं लक्ष्मी नारायण मंदिर अग्रवाल पारा आरंग के संयुक्त प्रयास से मानवतावाद के जनक पं. दीनदयाल जी उपाध्याय की जयंती मनाई गई। अग्रसेन योगासन शाखा अपने नित्य दिनचर्या आसन, प्राणायाम, ध्यान योग एवं ध्वज प्रणाम के बाद मुख्य अतिथि ध्रुव कुमार मिर्धा, अध्यक्ष चर्म शिल्प बोर्ड, छत्तीसगढ़ राज्य शासन एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष पार्षद प्रतिनिधि विक्रम परमार द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. केशव बलीराम हेडगेवार एवं गुरुजी सदाशिव गोलवलकर की छाया चित्र पर पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। मुख्य अतिथि ध्रुव कुमार मिर्धा द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय बाल्यकाल से माता पिता के सुख से वंचित रहा। उनके मामा ने उनका पालन पोषण किया। मामा जी के कहने पर प्रशासनिक परीक्षा दी और उत्तीर्ण भी हुए किंतु अंग्रेजों की नौकरी नही करनी है ऐसा सोचकर नौकरी नहीं किया।



### अंत्योदय योजना पंडितजी के विचारों परिणाम

अधिवेशन में 15 प्रस्ताव में 7 प्रस्ताव पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के थे। अंत्योदय योजना जो आज चल रही है, दीनदयाल उपाध्याय की है। पार्षद वीरेंद्र कण्डरा ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय महान चिंतक, लेखक, कुशल राजनीतिज्ञ निश्वार्थ सेवाव्रती थे। वे किसी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पटना जा रहे थे, मुगलसराय रेल्वे स्टेशन के पास उसका मृतक शरीर मिला। इस प्रकार एक महान देश भक्त इस संसार से चला गया। उनके त्याग के लिए पूरा देश ऋणी रहेगा। कामता पाल ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रजीवन दर्शन के निर्माता माने जाते हैं। एकात्म मानवतावाद उनकी ही प्रेरणा है। इस अवसर पर दीपक गुरुगोस्वामी, ओम गुप्ता, रविन्द्र अग्रवाल, अभिनेष अग्रवाल, अमिताभ अग्रवाल, शंकर पाल, गोपाल पाल, बलराम साहू, रामकुमार कंसारी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार ठाकुर एवं आभार व्यक्त बृजेश अग्रवाल द्वारा किया गया।

महर्षि दधीचि ने अपनी अस्थि परहित के लिए दान कर दिया, उसी प्रकार पं. दीनदयाल ने अपना पूरा जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं जन संघ को आजीवन प्रचारक के रूप में मातृभूमि के लिए समर्पित कर दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष विक्रम परमार ने कहा कि सन 1951 में भारतीय जन संघ की स्थापना हुई, उस समय पंडित दीनदयाल उपाध्याय को महासचिव बनाया गया।

### जयंती पर पं. दीनदयाल को पुष्पांजलि की अर्पित



आरंग। गुरुवार को नया रायपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय चौक पर अटल नगर भाजपा मंडल की ओर से आयोजित जयंती कार्यक्रम में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एकात्म मानववाद के प्रणेता व जनसंघ के संस्थापक सदस्य पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का जीवन दर्शन समाज के अंतिम पंक्ति तक विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। उनके विचार और सिद्धांत हमें राष्ट्रहित में समर्पित होकर सेवा और संगठन सुदृढ़ीकरण की ओर बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इस मौके पर अटल नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष टेशवन बघेल, उपाध्यक्ष रिंकू चन्द्राकर, प्रमोद दुबे, चंद्रशेखर बघेल, महामंत्री मनोज यादव, रोहित चन्द्राकर, हेमकुमार मार्कण्डेय, संजय शर्मा, डॉ. सुरेश चन्द्राकर, साकेत चन्द्राकर, मनीराम निषाद, सरजू मानिकपुरी, वीरेंद्र हिरवानी,राजेश साहू, धर्मेंद्र पटेल, सुनील डहरिया, मीना तारक, अंजू जैन, सुरेश सिन्हा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व गणमान्यजन मौजूद रहे। कार्यक्रम में पं. उपाध्याय जी के विचारों को आत्मसात करने और उन्हें जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया।

# तामासिवनी के स्वास्थ्य शिविर में आहार की जानकारी दी गई




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

उच्च शिक्षा संचालनालय के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में नवीन शासकीय महाविद्यालय तामासिवनी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) भिलाई, आरंग, रायपुर (छ.ग.) की स्वास्थ्य टीम ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। स्वास्थ्य परीक्षण कार्य डॉ. इंदु वशिष्ठ, डॉ. राजेश गर्ग एवं श्री अभिषेक मेजर (सीएचएम) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। टीम ने महाविद्यालय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तामासिवनी के छात्र-छात्राओं की जांच कर उन्हें संतुलित आहार, व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने हेतु जागरूक किया। शिविर में विशेष रूप से उपस्थित जिला रायपुर ग्रामीण उपाध्यक्ष दीपक बैस, अध्यक्ष जनभागीदारी विवेक तिवारी एवं सांसद प्रतिनिधि निर्मल साहू ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के महत्व पर मार्गदर्शन दिया और सीआरपीएफ टीम के इस योगदान की सराहना की। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. आनंद शंकर बहादुर ने सीआरपीएफ टीम का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ती है। शिविर का संचालन संयोजक डॉ. कुमुद बैस, श्रीमती कुसुम ठाकुर गौरव नाग, सुश्री भूमिका साहू एवं सुश्री सविता साहू ने किया। इस दौरान महाविद्यालय के सभी शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### कूंरा में माता दुर्गा के नौ रूप की मनोरम झांकी

**कूंरा।** नगरपंचायत कूंरा के वार्ड 15 शिव मंदिर दुर्गोत्सव समिति द्वारा भव्य पंडाल के नीचे मां दुर्गा जी की नौ रूपो में मूर्ति स्थापित कर 27 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराए गए है । माता जी की नौ रूपो के देखने रोजाना भीड़ जुट रहे है ।

# पालिका की सामान्य सभा में चबूतरा आवंटन सहित 17 मुद्दों पर की चर्चा

**आरंग।** गुरुवार को नगर पालिका परिषद आरंग में सामान्य सभा की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन, पार्षदगण और अधिकारियों के बीच में आगामी दशहरा त्योहार की तैयारी, पौनी पसारी योजना के अंतर्गत निर्मित चबूतरा के आबंटन सहित 17 विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में कांग्रेस के विपक्षी पार्षदों ने वार्ड 14 में पौनी-पसारी योजनांतर्गत निर्मित शेड और चबूतरा के हैंडओवर के सवाल पर निकाय के अधिकारियों को घेरा। पार्षदों ने पूछा कि निर्माण के बाद स्थल से टाइल्स, टॉयलेट से नल, पाईप जैसी चीजें चोरी हो गईं हैं। जिसकी भरपाई ठेकेदार करेगा या निकाय..? उद्घाटन के बावजूद चबूतरों का आबंटन क्यों नही हो रहा है..? जिसके बाद निर्णय लिया गया कि इंदिरा चौक स्थित अस्थाई मछली बाज़ार को वहां शिफ्ट किया जाएगा। चर्चा में 15वें वित्त योजनान्तर्गत पाइप लाइन विस्तार के विषय पर पक्ष और विपक्ष के पार्षदों ने अधिकारियों खरीखोटी सुनाई, उन्होंने कहा कि जो पाइप-लाइन पहले से लगी हुई है उसमें पानी नही आ रहा है तो नई की जरूरत क्यों है।



### शासकीय भूमि और चारागाह को कब्जा मुक्त करने की पहल

इसके अलावा निकाय में स्थित शासकीय भूमि और चारागाह को कब्जामुक्त कराने तहसीलदार और एसडीएम को प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में निकाय के 4 तालाबों को मछली पालन लिए लीज पर देने, सभी वार्ड में आबादी पट्टा के लिए सर्वे पर चर्चा की गई। सदर रोड और व्यावसायिक क्षेत्रों में सुगम यातायात बहाल करने के लिए दुकानों के बाहर समान फैलाने, नाली और फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ जब्ती और जुर्माना की कार्रवाई पर चर्चा हुई। जिस पर अध्यक्ष ने कहा कि एक व्यक्ति के कारण सैकड़ो लोगों हो समस्या हो रही हो वहां कार्रवाई होना चाहिए। जिस पर विपक्ष ने कहा कि कार्रवाई का वे समर्थन करते हैं लेकिन करवाई में पक्षपात नही होना चाहिए।

## पेज 11 के शेष...

### भाठागांव चौक के पास...

पैदल चलने वालों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। गाड़ियों की लाइन लगने से जाम में फंसने से लोग परेशान रहे। रिंग रोड पचपेड़ी नाका के पास जाम की स्थिति बनती रही। लोगों का गुस्सा निगम प्रशासन पर जमकर फूटा। भाठागांव से काठाडीह जाने के मुख्य मार्ग पर 150 एमएलडी फिल्टर प्लांट से जुड़ी पाइप लाइन में लीकेज के बाद निगम ने पाइप लाइन मरम्मत के बाद इसे कंक्रीट करने की जगह मुरुम और बजरी डालकर छोड़ दिया। बारिश के बाद जगह दलदली होने और मुरुम तथा डाली गई मिट्टी गीली होने से सड़क पर गड्ढा बन गया है, जिसमें गाड़ियों के पहिये धंसने से लोग परेशान हैं। गुरुवार दोपहर को इस मार्ग पर एक घंटे तक ट्रैफिक जाम की समस्या देखने को मिली। लोग इससे बचने आसपास की गलियों में शार्टकर्ट ढूंढते हुए निकले, इससे गलियों में भी निकलना मुश्किल हो गया।

### थोक में तुरंत राहत, चिल्हर में पुराने स्टॉक का रोना...

क्रेडिट नहीं मिलता है जिनका टर्नओवर 25 लाख से कम का है। यही वजह है कि जब चिल्हर कारोबारियों का पुराना स्टॉक समाप्त नहीं होगा, ग्राहकों को लाभ नहीं मिल सकेगा। शहरों में तो करीब एक सप्ताह में पुराना स्टॉक समाप्त होने पर लाभ मिलने लगेंगे, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में 15 दिनों से ज्यादा समय लग सकता है। केंद्र सरकार ने जीएसटी के स्लैब में बदलाव करके उसको चार के स्थान पर दो कर दिया है। ऐसे में अब सिर्फ पांच और 18 फीसदी वाले स्लैब ही रह गए हैं। आम उपभोक्ताओं के उपयोग वाले डेली के कई सामानों में 12 और 18 फीसदी के जीएसटी को कम करके पांच फीसदी कर दिया गया है। इसी तरह से 28 फीसदी वाले स्लैब को 18 फीसदी किया गया है। नए स्लैब 22 सितंबर से लागू किए गए हैं।

### मेडिकल कालेज रिश्वतकांड...

तिवारी ने मेडिकल कालेज को मान्यता दिलाने डीपी सिंह से बात की है। डीपी ने अतुल को आश्वासन दिया था कि वो अपने सूत्रों के माध्यम से संपर्क कर उनका काम करवा देंगे। मूल्यांकनकर्ताओं में एक तेलंगाना तथा तीन के कर्नाटका के होने की जानकारी दी थी। इसके बाद बाबू (मयूर रावल) को 30 लाख रुपए ट्रांसफर करने के लिए कहा गया था।

**राजी करने के बाद 10 का नोट वाट्सएप से भेजा :** अतुल तिवारी ने सतीशा को बताया कि वह डॉ. मंजप्पा के माध्याम से कॉल कर बात कर रहे हैं और 50 किलो भेजेंगे (50 लाख) इसके बाद, अतुल ने सतीशा ए. से व्हाट्सएप पर संपर्क किया और उनसे दस रुपए का एक नोट का फोटो साझा करने को कहा। सतीश ए. ने दस रुपए का बैंक नोट संख्या अतुल को व्हाट्सएप पर भेजा। इसके बाद अतुल ने उस नोट का विवरण रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के प्रभारी रवि प्रकाश गुप्ता को भेजा। उसने सतीशा का संपर्क नंबर भी रवि प्रकाश को व्हाट्सएप पर भेजा।

### रकम पहुंचाने ऐसे किया...

किया और उन्हें दस रुपए के नोट, जिसे मूल रूप से सतीशा ने अतुल के साथ साझा किया था, जिसे रवि ने आगे रवि प्रकाश को दिया था, उसे दिया। इसके बाद जतिन पटेल ने नोट का विवरण रायपुर स्थित हवाला ऑपरेटर जतिन प्रजापति को दिया। इसके बाद, जतिन प्रजापति ने 55 लाख रुपए मूल्यांकनकर्ताओं तक पहुंचाने की व्यवस्था की।

### आदर्श शिक्षा समिति ने कराया कन्या भोज

**सिलयारी।** आदर्श सेवा शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर सिलयारी में शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर विद्यालय में नौ कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें अध्यक्ष श्री केमन सिंहा एवं प्राचार्य श्री आलोक दत्ता ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना किए, तत्पश्चात नौ कन्याओं को कन्या भोजन कराया गया। विद्यालय के सभी भैया बहन को खीर पूड़ी सब्जी वितरित किया गया सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। प्राचार्य महोदय ने सबकी मंगल कामना करते हुए प्रसादी वितरण कार्यक्रम का समापन किया।


**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार गोपाल पंसारी पिता स्व. गयाराम पंसारी, निवासी-ग्राम मांढर, थाना व तहसील - धरसींवा, जिला- रायपुर (छ.ग.) एवं सहखातेदार गोविंद, गोपाल, गोपी, बसंत, व्यंकटेश्वर, ओमप्रकाश, वेदकुमारी, सुशीला, रूखमणी एवं अमरीका वगैरह के नाम से संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की आबादी भूमि मय मकान जिसका प्लाट नं.- 44, ख.नं.- 442/8 का भाग, रकबा- 2.5 डिसमिल भूमि याने 1089 वर्गफुट है जो कि आजाद चौक, भाटापारा में एवं प्लाट नं.-43, ख.नं.- 442/8 का भाग, रकबा- 2.5 डिसमिल भूमि याने 1089 वर्गफुट है एवं पुराना आबादी मकान जो कि शितला पारा, मांढर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल- 1500 वर्गफुट है को सहखातेदार द्वारा विक्रय किये जाने का प्रयास किया जा रहा है, इसलिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि/ मकान को ना खरीदें अगर किसी भी व्यक्ति के द्वारा उपरोक्त मकान या भूमि को क्रय किया जाता है तो उनसे उत्पन्न वाद-विवाद की जिम्मेदार वह स्वयं होवेगा, क्योंकि उपरोक्त संपत्ति पैतृक संपत्ति है जिस पर मेरे पक्षकार के अलावा उनके सभी भाई-बहनों का हक, हित एवं स्वामित्व व अधिकार है । अतः सूचना जाने ।
रायपुर छ.ग.
दिनांक- 25.09.2025
भवदीय
**पवन पंसारी, अधिवक्ता,**
**मलसाय तालाब के पास, शिवाजी नगर, कुशालपुर,रायपुर (छ.ग.)**
**मो.- 98264-65429, 93298-79757**

**:: आम सूचना ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 2354 दिनांक 16.03.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन **क्रमांक- जुनि.एम.आई.जी.-II/103** को **श्री संदीप रावत पिता श्री राजेन्द्र प्रसाद रावत**, के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 22.05.2015 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में **श्री संदीप रावत पिता स्व. श्री राजेन्द्र प्रसाद रावत**, निवासी ई-4/349 अरेरा कॉलोनी भोपाल (म.प्र.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्री रूपेश केशरवानी पिता श्री रामकुमार केशरवानी**, निवासीः- वार्ड नं. 02, महंत पारा, शिवरी नारायण जांजगीर, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित स्वतंत्र भवन **क्रमांक- जुनि. एम.आई.जी. - II/103** के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**आम सूचना**

ग्राम बरही प.ह.नं. 00026 रा.नि.मं. करहीभदर तहसील व जिला बलोद (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर 460 / 2, 3, 4, 5 व 509 रकबा क्रमशः 1.330 हे., 0.400 हे., 0.240 हे., 0.800 हे. व 0.250 हे. कुल रकबा 3.200 हे. अर्थात् 8 एकड़ के संबंध में।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण की इकरारशुदा भूमि जिसके मूल भूस्वामी किशन सोनकर व टेकूराम सोनकर दोनों पिता श्री गानुराम सोनकर निवासी खुड़मुड़ा साकरा तह. पाटन जिला दुर्ग वालों से जिनके द्वारा इकरारकर्तागण हर्षवर्धन भाले पिता कृष्णा भाले व कुलेश्वर भाले पिता छोटेलाल भाले निवासी पाटन से उनके इकरारशुदा हक की आधिपत्य व स्वामित्व की ग्राम बरही प.ह.नं. 00026 रा.नि.मं. करहीभदर तहसील व जिला बलोद (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर 460 / 2, 3, 4, 5 व 509 रकबा क्रमशः 1.330 हे., 0.400 हे., 0.240 हे., 0.800 हे. व 0.250 हे. कुल रकबा 3.200 हे. अर्थात् 8 एकड़ को क्रय करने का सौदा पक्का कर अग्रिम बयाना राशि प्रदान कर दिया है तथा अब केवल मात्र विक्रय विलेख का निष्पादन किया जाकर पंजीयन कराया जाना मात्र शेष है।

अतः उक्त संव्यवहार के कुल अथवा कुछ भाग से जिस किसी व्यक्ति संस्था, निकाय, बैंक, महाजन, वित्तीय संस्थान, शासकीय अर्धशासकीय संस्था, निगम, मंडल अथवा दिगर किसी व्यक्ति को उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोलिखित कार्यालय में प्रस्तुत करें । अन्यथा बाद म्याद गुजरने पर मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन इकरारनामा समय सीमा पर पंजीयन अपने पक्ष में करा ली जावेगी तथा बाद म्याद गुजरने की गई आपत्ति अवैध व शून्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।
तदनुसार सूचना जानें।
रायपुर, दिनांक 23.09.2025
**महेशमणी साहू, अपर्णा शर्मा, विजय शर्मा, अजय कुमार साहू, अधिवक्तागण**
कार्यालय एफ.एफ. 47 डी, ई प्रथम तल श्याम प्लाजा पंडरी बस स्टैण्ड रायपुर तह व जिला रायपुर (छ. ग.)
मो.नं. 9425216457 / 9630465972

**आम सूचना**

ग्राम रमचण्डी प.ह.नं. 00023 रा.नि.मं. पलौद तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर 929/4/457 रकबा 0.3230 हे. अर्थात् 34767 वर्गफुट के संबंध में।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण की इकरारशुदा भूमि जिसके मूल भूस्वामी अभिषेक शर्मा पिता श्री निर्मल कुमार शर्मा द्वारा मुख्त्यारआम निर्मल कुमार शर्मा पिता स्व. जे.आर. शर्मा निवासी नेहरू नगर भिलाई जिला दुर्ग वालों से जिनके द्वारा इकरारकर्तागण राजकुमार शर्मा पिता स्व. गौरी शंकर शर्मा व अभिषेक सोनी पिता रामप्रकाश सोनी दोनों निवासी रायपुर छ.ग. से उनके इकरारशुदा हक की आधिपत्य व स्वामित्व की ग्राम रमचण्डी प.ह.नं. 00023 रा.नि.मं. पलौद तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर 929/4/457 रकबा 0.3230 हे. अर्थात् 34767 वर्गफुट को क्रय करने का सौदा पक्का कर अग्रिम बयाना राशि प्रदान कर दिया है तथा अब केवल मात्र विक्रय विलेख का निष्पादन किया जाकर पंजीयन कराया जाना मात्र शेष है।

अतः उक्त संव्यवहार के कुल अथवा कुछ भाग से जिस किसी व्यक्ति संस्था, निकाय, बैंक, महाजन, वित्तीय संस्थान, शासकीय अर्धशासकीय संस्था, निगम, मंडल, अथवा दिगर किसी व्यक्ति को उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोलिखित कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद गुजरने पर मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन इकरारनामा समय सीमा पर पंजीयन अपने पक्ष में करा ली जावेगी तथा बाद म्याद गुजरने की गई आपत्ति अवैध व शून्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।
तदनुसार सूचना जानें।
रायपुर, दिनांक 23.09.2025
**महेशमणी साहू, अपर्णा शर्मा, विजय शर्मा, अजय कुमार साहू, अधिवक्तागण**
कार्यालय एफ.एफ. 47 डी, ई प्रथम तल श्याम प्लाजा पंडरी बस स्टैण्ड रायपुर तह व जिला रायपुर (छ. ग.)
मो.नं. 9425216457 / 9630465972

**आम सूचना**

ग्राम सारखी प.ह.नं. 00022 रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर, 597 / 1 व 597/3 क्रमशः रकबा 0.1330 हे. व 0.4940 हे. कुल रकबा 0.627 हेक्टेयर अर्थात् 1 एकड़ 55 डिसमील के संबंध में।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता राजेन्द्र कुमार शर्मा पिता श्री नाथु प्रसाद शर्मा निवासी विवेकानंद आश्रम, रामकुण्ड, वासुदेव पारा रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) वाले से उनके हक आधिपत्य व स्वामित्व की ग्राम सारखी प.ह.नं. 00022 रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर, 597/1 व 597/3 क्रमशः रकबा 0.1330 हे. व 0.4940 हे. कुल रकबा 0.627 हेक्टेयर अर्थात् 1 एकड़ 55 डिसमील को क्रय करने का सौदा पक्का कर अग्रिम बयाना राशि प्रदान कर दिया है तथा अब केवल मात्र विक्रय विलेख का निष्पादन किया जाकर पंजीयन कराया जाना मात्र शेष है।

अतः उक्त संव्यवहार के कुल अथवा कुछ भाग से जिस किसी व्यक्ति संस्था, निकाय, बैंक, महाजन, वित्तीय संस्थान, शासकीय अर्धशासकीय संस्था, निगम, मंडल, अथवा दिगर किसी व्यक्ति को उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोलिखित कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन इकरारनामा में उल्लेखित समय अनुसार पंजीयन अपने पक्ष में करा ली जावेगी तथा बाद म्याद गुजरने की गई आपत्ति अवैध व शून्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।
तदनुसार सूचना जानें।
रायपुर दिनांक 23.09.2025
**महेशमणी साहू, अपर्णा शर्मा, विजय शर्मा, अजय कुमार साहू, अधिवक्तागण**
कार्यालय एफ.एफ. 47 डी, ई प्रथम तल श्याम प्लाजा पंडरी बस स्टैण्ड रायपुर तह व जिला रायपुर (छ. ग.)
मो.नं. 9425216457 / 9630465972

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-17 (बीरगांव), तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 22/09/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री तुकाराम महिलांगे पिता स्व. मिलापराम महिलांगे निवासी ग्राम दुमग, थाना सरसींवा बिलाईगढ़ द्वारा आवेदित ग्राम बीरगांव प.ह.नं. 88 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 17 (बीरगांव) स्थित भूमि खसरा नंबर 20/41 रकबा 0.0080 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक क/वाचक/ तह./ 2024-25 आदेश दिनांक 18.09.2025 के परिपालन में दिनांक 29.09.2025 को समय 2.00 PM बजे पश्चात् किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 88 बीरगांव के स्थित कार्यालय में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।
अतः सूचना जारी।
**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-17 (बीरगांव)**

**वार्षिक आम सभा की सूचना**

उदया सहकारी गृह निर्माण संस्था मर्यादित टाटीबंध, रायपुर के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था का वार्षिक आम सभा दिनांक 28.09.2025 दिन रविवार, समय दोपहर 3.30 बजे, स्थान - सेक्टर-3, शहीद भगत सिंह गार्डन में रखा गया था किन्तु तत्कालीन मौसम खराब होने पर स्थान परिवर्तन कर एम्स गेट नं1 के सामने ''होटल गगन रेजीडेन्सी, 2 फ्लोर, टाटीबंध रायपुर'' में आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया गया है।
नोट : केवल स्थान परिवर्तन किया गया है अन्य कार्यक्रम यथावत रहेगी।
**अध्यक्ष - नत्थू राम शर्मा**
**उदया सहकारी गृह निर्माण संस्था मर्या., टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 94255-02415**

HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# धड़कन को प्राकृतिक कंडक्शन सिस्टम से नियंत्रित कर की दुर्लभ सर्जरी, आंबेडकर अस्पताल ऐसा प्रयोग करना वाला देश का पहला संस्थान

## बैकमैन टोटल फिजियोलॉजिकल पेसिंग केस : मिली बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

आंबेडकर अस्पताल में दिल की जटिल सर्जरी की गई। इसके लिए बैकमैन टोटल फिजियोलॉजिकल पेसिंग तकनीक का इस्तेमाल किया गया। इसके साथ ही यह देश का पहला सरकारी संस्थान बन गया, जहां इस तकनीक का प्रयोग करते हुए सफल रूप से दिल की सर्जरी की गई। एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट के कार्डियोलॉजी विभाग में 68 वर्षीय महिला मरीज के लिए यह पद्धति प्रयोग में लाई गई। चिकित्सकों के अनुसार, यह जटिल प्रक्रिया अब तक एम्स दिल्ली और पीजीआई चंडीगढ़ जैसे शीर्ष संस्थानों में भी नहीं की गई थी।

बैकमैन टोटल फिजियोलॉजिकल पेसिंग का अर्थ है, हृदय की धड़कन को पूरी तरह प्राकृतिक कंडक्शन सिस्टम के जरिए नियंत्रित करना, ताकि मरीज को लंबे समय तक स्थिर और सुरक्षित हृदय गति मिल सके। अब तक एसीआई और अन्य सरकारी कार्डियक संस्थानों में लेफ्ट बंडल या हिज बंडल में लीड लगाने के कई केस हो चुके हैं, लेकिन राइट एट्रियम यानी बैकमैन बंडल में लीड लगाने का यह पहला मामला है। इससे हृदय के दोनों चैम्बर्स की धड़कनें प्राकृतिक विद्युत मार्ग से संचालित होती रहती हैं।

**की गई इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी मैपिंग :** सबसे पहले लेफ्ट बंडल की स्थिति का इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी मैपिंग किया गया। फिर ठीक उसी तरह राइट एट्रियम के बैकमैन बंडल की मैपिंग कर लीड इंप्लांट की गई। इस तरह पूरा पेसिंग सिस्टम प्राकृतिक ढंग से काम करने लगा। उपचार करने वाली टीम में कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष सहित डॉ.एसके शर्मा, डॉ.कुणाल ओस्तवाल, डॉ.अनुराग कुजूर और डॉ.वेदप्रकाश शामिल थे।

### क्षतिग्रस्त हो गई थीं हृदय को धड़कन देने वाली कोशिकाएं

कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने बताया कि रायपुर निवासी यह मरीज सिक साइनस सिंड्रोम नामक गंभीर हृदय रोग से पीड़ित थी। इस रोग में हृदय को धड़कन देने वाली कोशिकाएं (पेसमेकर कोशिकाएं) क्षतिग्रस्त हो जाती हैं और धड़कन अनियमित हो जाती है। सामान्यतः ऐसे मामलों में वेंट्रिकुलर या लेफ्ट बंडल पेसिंग की जाती है, लेकिन इस मरीज का हृदय कमजोर था और एट्रियल रिद्म भी अनियमित थी। केवल वेंट्रिकुलर पेसिंग करने से हार्ट फेल्योर और तेज धड़कन का खतरा था। इसी कारण एसीआई की टीम ने बैकमैन टोटल फिजियोलॉजिकल पेसिंग का निर्णय लिया। इस प्रक्रिया में हृदय की प्राकृतिक विद्युत संरचना के एट्रियम भाग में पेसमेकर की लीड लगाई गई। यह तकनीक हृदय को उसके स्वाभाविक ढंग से धड़कने में मदद करती है और हार्ट फेल्योर का जोखिम बेहद कम कर देती है।



### साय बोले- निरंतर प्रगति का प्रमाण



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट द्वारा किया गया यह सफल उपचार छत्तीसगढ़ की चिकित्सा सेवाओं के उच्च स्तर और निरंतर प्रगति का प्रमाण है। सरकारी संस्थान चिकित्सा विज्ञान में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। वहीं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, अब छत्तीसगढ़ के मरीजों को अत्याधुनिक कार्डियक प्रक्रियाओं के लिए महानगरों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है।

## खबर संक्षेप

### बलिदानी राजा गुरु बालकदास की फिल्म देखने मुख्यमंत्री को दिया न्योता



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के नेतृत्व में गुरुवार को सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ के विभिन्न सिनेमाघरों में चल रहे बहुचर्चित फिल्म बलिदानी राजा गुरु बालक दास को देखने का आमंत्रण देते हुए इसे टैक्स फ्री करने का आग्रह किया। साथ ही गुरु घासीदास शोध पीठ को पुनः प्रारंभ करने की मांग की गई। जिस पर मुख्यमंत्री ने फिल्म देखने की सहमति देते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## निधन

### कुलवंत कौर हंसपाल



**रायपुर।** गुरु गोविन्द नगर (राजातालाब) निवासी कुलवंत कौर हंसपाल (71) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 सितम्बर को देवेन्द्र नगर श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. स. निर्मलप्रताप सिंह हंसपाल की पत्नी एवं सुरेन्द्र सिंह हंसपाल की भाभी, भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा गगनदीप सिंह हंसपाल की माताजी थीं।


// आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार गोपाल पंसारी पिता स्व. गयाराम पंसारी, निवासी-ग्राम मांढर, थाना व तहसील - धरसींवा, जिला- रायपुर (छ.ग.) एवं सहखातेदार गोविंद, गोपाल, गोपी, बसंत, व्यंकटेश्वर, ओमप्रकाश, वेदकुमारी, सुशीला, रूखमणी एवं अमरीका वगैरह के नाम से संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की आबादी भूमि मय मकान जिसका प्लाट नं.- 44, ख.नं.- 442/8 का भाग, रकबा- 2.5 डिसमिल भूमि याने 1089 वर्गफुट है जो कि आजाद चौक, भाटापारा में एवं प्लाट नं.-43, ख.नं.- 442/8 का भाग, रकबा- 2.5 डिसमिल भूमि याने 1089 वर्गफुट है एवं पुराना आबादी मकान जो कि शितला पारा, मांढर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल- 1500 वर्गफुट है को सहखातेदार द्वारा विक्रय किये जाने का प्रयास किया जा रहा है, इसलिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि/ मकान को ना खरीदें अगर किसी भी व्यक्ति के द्वारा उपरोक्त मकान या भूमि को क्रय किया जाता है तो उनसे उत्पन्न वाद-विवाद की जिम्मेदार वह स्वयं होवेगा, क्योंकि उपरोक्त संपत्ति पैतृक संपत्ति है जिस पर मेरे पक्षकार के अलावा उनके सभी भाई-बहनों का हक, हित एवं स्वामित्व व अधिकार है। अतः सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 25.09.2025

भवदीय
पवन पंसारी, अधिवक्ता,
मलसाय तालाब के पास, शिवाजी नगर,
कुशालपुर,रायपुर (छ.ग.)
मो.- 98264-65429, 93298-79757


## नापतौल विभाग ने रेलवे स्टेशन स्थित डेली नीड्स दुकान के विरुद्ध की कार्रवाई

# प्रिंट रेट से अधिक मूल्य पर कई दुकानों में बिक रहा कोल्ड ड्रिंक, जांच-एक्शन सिर्फ एक पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नापतौल विभाग की गुरुवार को अजब-गजब कार्रवाई देखने को मिली। विभाग की टीम भारत सरकार की शिकायत पर रेलवे स्टेशन के सामने शासकीय शराब दुकान के पास संचालिक एक डेली नीड्स दुकान पहुंची और उसके संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की नोटिस जारी कर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

यह कार्रवाई प्रिंट रेट से अधिक मूल्य पर कोल्ड ड्रिंक बेचने के मामले में किया है। इस कार्रवाई के बाद टीम इस दुकान के आसपास संचालित अन्य किसी भी दुकान की जांच किए बगैर लौट गई। इधर हरिभूमि ने इस कार्रवाई के बाद जब आसपास अन्य डेली नीड्स, होटल एवं पान ठेला आदि दुकानों में ग्राहक बनकर पड़ताल की, तो पता चला कि सभी जगह पर कोल्ड ड्रिंक प्रिंट रेट से अधिक मूल्य पर बेचा जा रहा है। इससे नापतौल विभाग की पोल भी खुल गई कि विभागीय अधिकारी सिर्फ शिकायत के आधार पर ही जांच पड़ताल कर कार्रवाई करते हैं।

नापतौल विभाग की टीम शाम करीब 4 बजे रेलवे स्टेशन के सामने संचालित रितिक डेली नीड्स दुकान पहुंची। टीम यहां ग्राहक बनकर पहुंची और दुकानदार से 300 मिलीलीटर की फ्रूटी ड्रिंक मांगी। इस फ्रूटी बोतल पर प्रिंट रेट 20 रुपए अंकित है, लेकिन दुकानदार ने 25 रुपए मांगे। टीम ने ऑनलाइन पेमेंट कर फ्रूटी को खरीदा।

इस तरह दुकान संचालक के विरुद्ध भारत सरकार द्वारा मिली शिकायत सही पाई गई। टीम ने इसके बाद दुकानदार को नोटिस जारी किया है, जिसमें पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाए जाने की बात कही है।



### कार्रवाई गलत, ऐसे में नहीं चला पाएंगे दुकानः संचालक

विभाग ने जिस दुकान को नोटिस जारी किया है, उसके संचालक ने हरिभूमि से बातचीत करते हुए विभाग की इस कार्रवाई को गलत बताया। संचालक ने कहा कि सिर्फ मेरी दुकान में नहीं, रेलवे स्टेशन के आसपास एवं रेलवे स्टेशन के अंदर जितनी दुकानों में कोल्ड ड्रिंक बेचा जा रहा है, सभी जगह फ्रीज में रखकर बेचे जाने वाले कोल्ड ड्रिंग को प्रिंट रेट से 5 रुपए अधिक मूल्य पर बेचा जा रहा है। विभाग ने मेरी दुकान के अलावा आसपास किसी भी दुकान या होटल की जांच नहीं की है। संचालक का यह भी कहना है कि लोग ठंडा कोल्ड ड्रिंग लेना पसंद करते हैं, जिसके लिए फ्रीज रखना पड़ता है। इसके कारण बिजली बिल भी ज्यादा आता है। 5 रुपए अगर ज्यादा ले रहे हैं, तो क्या गलत कर रहे हैं।

### *फ्रीज में ठंडा करने के एवज में वसूला जा रहा अधिक मूल्य*

*दुकान संचालक से बातचीत करने के बाद हरिभूमि की टीम ने आसपास संचालित आधा दर्जन से अधिक दुकान एवं होटल में ग्राहक बनकर इसकी पड़ताल भी की। इस पड़ताल से पता चला कि डेली नीड्स दुकान हो या होटल, सभी जगह ठंडा कोल्ड ड्रिंक का प्रिंट रेट से 5 रुपए अधिक मूल्य लिया जा रहा है।*

### *शिकायत मिली थी सही पाई गई*

*जिस डेली नीड्स दुकान संचालक को नोटिस जारी किया है, उसके विरुद्ध भारत सरकार से शिकायत मिली थी। इस शिकायत पर ग्राहक बनकर पहले जांच की, जिसमें शिकायत सही पाई गई।*

*- **आरएस सोरी**, सहायक नियंत्रक, नातपौल विभाग रायपुर*

# लंबे समय से संपत्ति कर जमा नहीं, 15 व्यासायिक परिसर पर जड़ा ताला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जोन 8 के राजस्व महकमे ने अंतिम नोटिस के बाद की सीलबंदी

नगर निगम अमले ने लंबे समय से संपत्ति कर जमा नहीं करने वाले बड़े बकायादारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके 15 व्यासायिक परिसरों में ताला लगाकर सीलबंदी की कार्रवाई की। जिन परिसरों में तालाबंदी की कार्रवाई की गई, उनमें संत रविदास वार्ड 70 स्थित पार्थिवी प्रोविंस- डायरेक्टर शैलेश वर्मा, वीर सावरकर नगर वार्ड स्थित राहुल धारीवाल, लीलावती देवी सिंग, ओमप्रकाश तिवारी, सुरेंदर सिंग, नीलम मिश्रा, राजेश चंद्राकर, हरभजन सिंग शामिल हैं। इसी तरह पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड के बड़े बकायादार सूरज स्टील विनोद सिंह, सतगुरु फर्नीचर विजय सिंग, जायसवाल इंटर प्राइजेस के बड़े बकायादार अनिता अग्रवाल, रमेश अग्रवाल द्वारा बकाया संपत्तिकर अदा नहीं किये जाने पर अंतिम नोटिस के बाद सीलबंद की गई।

निगम आयुक्त विश्वदीप के आदेश और अपर आयुक्त राजस्व यूएस अग्रवाल के निर्देश पर जोन 8 की जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल और कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा के निर्देश पर जोन सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल, राजस्व निरीक्षक राजेश मिश्रा, सहायक राजस्व निरीक्षक नंद कुमार वैष्णव, नरेंद्र ठाकुर, चंदन रगड़े, खगेश्वर सोनी, रामकुमार अवसर की उपस्थिति में अभियान चलाकर सीलबंदी की गई।

अगले 48 घंटे तक दक्षिण छग में भारी बारिश की चेतावनी

# रायपुर में सर्वाधिक 143.4 मिमी बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लौट रहे मानसून ने राजधानी रायपुर को जमकर भिगोया। बुधवार सुबह से जारी बारिश का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। मौसम विभाग द्वारा गुरुवार सुबह 8.30 तक जारी बारिश के आंकड़ों के मुताबिक, इस समयावधि में सर्वाधिक बारिश राजधानी रायपुर में ही हुई है। यहां 143.4 मिमी अर्थात लगभग 15 सेमी बारिश हुई है। बारिश से शहर के कई हिस्से जलमग्न हो गए। कई भागों में जलभराव की स्थिति भी निर्मित हो गई। हालांकि गुरुवार को अधिक बारिश नहीं होने के कारण जमा पानी उतरने से लोगों को राहत मिली। आने वाले दो दिनों तक वापसी कर रहा मानसून प्रदेश को भिंगोता रहेगा। उत्तर-पश्चिम और समीपवर्ती बंगाल की खाड़ी तथा ओडिशा और आंध्रप्रदेश के तटों पर ऊपरी वायु चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से अगले 2 दिनों तक छग के एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। दो दिनों के बाद बारिश संबंधित गतिविधियों में कमी आएगी।



### *तापमान सामान्य से नीचे*

*रायपुर के साथ ही दुर्ग और बस्तर संभाग के कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी वर्षा हुई। इसका प्रभाव तापमान पर भी पड़ा। प्रदेश के अधिकतर जिलों में तापमान सामान्य से नीचे हो गया है। रायपुर में अधिकतम तापमान सामान्य से 0.6 डिग्री कम 31.7 डिग्री दर्ज हुआ। न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री कम 23 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे अधिक तापमान बिलासपुर में 32.6 डिग्री तथा सबसे कम जगदलपुर में 21.8 डिग्री दर्ज हुआ। रायपुर के अलावा गोबरा नवापारा व राजिम में 14 सेमी, आरंग में 13 सेमी, पाटन, मंदिर हसौद, गुंडरदेही, बालोद, मोहला, बलौदाबाजार में 11 सेमी व खड़गांव में 10 सेमी बारिश हुई। शेष स्थानों में 10 सेमी से कम बारिश दर्ज की गई। रायपुर में आज भी दिनभर आसमान में बादल छाए रहेंगे। देर शाम गरज-चमक के साथ वर्षा संभावित है।*

# बगैर लाइसेंस ढाबों में परोसी जा रही शराब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के आउटरों में संचालित कई ढाबों में बिना लाइसेंस लिए ग्राहकों को शराब-बीयर परोसी जा रही है। आबकारी विभाग ने गुरुवार रात को टाटीबंध एवं हीरापुर क्षेत्र में संचालित ढाबों में छापा मारा। इस दौरान दो ढाबा में अवैध रूप से रखी शराब और बीयर बरामद की है, जिसे ग्राहकों की मांग पर परोसा जाता था।

आबकारी विभाग ने अवैध शराब की बिक्री, परिवहन के साथ होटल, रेस्टोरेंट, क्लब, ढाबा एवं बार में अवैध रूप से पिलाई जाने वाली शराब पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इस निर्देश के तहत जिला आबकारी विभाग की टीम ने गुरुवार को टाटीबंध एवं हीरापुर क्षेत्र में संचालित ढाबों की आकस्मिक जांच की। इस दौरान हीरापुर स्थित ओम सांई भोजनालय ढाबा में 3 बीयर एवं 10 गोल्डन गोवा व्हिस्की जब्त की। इस ढाबा के संचालक का नाम पवन शाह है।

### 11 पाव गोवा व्हिस्की

दूसरी कार्रवाई टाटीबंध चौक स्थित सांई ढाबा के संचालक श्रवण शाह के विरुद्ध की गई। इसके ढाबा से 11 पाव गोवा व्हिस्की जब्त की है। दोनों प्रकरण में ढाबा संचालकों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 के तहत प्रकरण कायम किया है। इस छापामार कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी वैभव मित्तल, आबकारी आरक्षक विवेक श्रीवास्तव सहित अन्य शामिल थे।

## पेज 11 के शेष

### भाठागांव चौक के पास...

पैदल चलने वालों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। गाड़ियों की लाइन लगने से जाम में फंसने से लोग परेशान रहे। रिंग रोड पचपेड़ी नाका के पास जाम की स्थिति बनती रही। लोगों का गुस्सा निगम प्रशासन पर जमकर फूटा। भाठागांव से काठाडीह जाने के मुख्य मार्ग पर 150 एमएलडी फिल्टर प्लांट से जुड़ी पाइप लाइन में लीकेज के बाद निगम ने पाइप लाइन मरम्मत के बाद इसे कंक्रीट करने की जगह मुरुम और बजरी डालकर छोड़ दिया। बारिश के बाद जगह दलदली होने और मुरुम तथा डाली गई मिट्टी गीली होने से सड़क पर गड्ढा बन गया है, जिसमें गाड़ियों के पहिये धंसने से लोग परेशान हैं। गुरुवार दोपहर को इस मार्ग पर एक घंटे तक ट्रैफिक जाम की समस्या देखने को मिली। लोग इससे बचने आसपास की गलियों में शार्टकर्ट ढूंढते हुए निकले, इससे गलियों में भी निकलना मुश्किल हो गया।

### थोक में तुरंत राहत..

क्रेडिट नहीं मिलता है जिनका टर्नओवर 25 लाख से कम का है। यही वजह है कि जब चिल्हर कारोबारियों का पुराना स्टॉक समाप्त नहीं होगा, ग्राहकों को लाभ नहीं मिल सकेगा। शहरों में तो करीब एक सप्ताह में पुराना स्टॉक समाप्त होने पर लाभ मिलने लगेंगे, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में 15 दिनों से ज्यादा समय लग सकता है। केंद्र सरकार ने जीएसटी के स्लैब में बदलाव करके उसको चार के स्थान पर दो कर दिया है। ऐसे में अब सिर्फ पांच और 18 फीसदी वाले स्लैब ही रह गए हैं। आम उपभोक्ताओं के उपयोग वाले डेली के कई सामानों में 12 और 18 फीसदी के जीएसटी को कम करके पांच फीसदी कर दिया गया है। इसी तरह से 28 फीसदी वाले स्लैब को 18 फीसदी किया गया है। नए स्लैब 22 सितंबर से लागू किए गए हैं।

### मेडिकल कालेज...

तिवारी ने मेडिकल कालेज को मान्यता दिलाने डीपी सिंह से बात की है। डीपी ने अतुल को आश्वासन दिया था कि वो अपने सूत्रों के माध्यम से संपर्क कर उनका काम करवा देंगे। मूल्यांकनकर्ताओं में एक तेलंगाना तथा तीन के कर्नाटका के होने की जानकारी दी थी। इसके बाद बाबू (मयूर रावल) को 30 लाख रुपए ट्रांसफर करने के लिए कहा गया था।

राजी करने के बाद 10 का नोट वाट्सएप से भेजा अतुल तिवारी ने सतीशा को बताया कि वह डॉ. मंजप्पा के माध्याम से कॉल कर बात कर रहे हैं और 50 किलो भेजेंगे (50 लाख) इसके बाद, अतुल ने सतीशा ए. से व्हाट्सएप पर संपर्क किया और उनसे दस रुपए का एक नोट का फोटो साझा करने को कहा। सतीश ए. ने दस रुपए का बैंक नोट संख्या अतुल को व्हाट्सएप पर भेजा। इसके बाद अतुल ने उस नोट का विवरण रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के प्रभारी रवि प्रकाश गुप्ता को भेजा। उसने सतीशा का संपर्क नंबर भी रवि प्रकाश को व्हाट्सएप पर भेजा।

### रकम पहुंचाने ऐसे...

किया और उन्हें दस रुपए के नोट, जिसे मूल रूप से सतीशा ने अतुल के साथ साझा किया था, जिसे रवि ने आगे रवि प्रकाश को दिया था, उसे दिया। इसके बाद जतिन पटेल ने नोट का विवरण रायपुर स्थित हवाला ऑपरेटर जतिन प्रजापति को दिया। इसके बाद, जतिन प्रजापति ने 55 लाख रुपए मूल्यांकनकर्ताओं तक पहुंचाने की व्यवस्था की।


वार्षिक आम सभा की सूचना

उदया सहकारी गृह निर्माण संस्था मर्यादित टाटीबंध, रायपुर के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था का वार्षिक आम सभा दिनांक 28.09.2025 दिन रविवार, समय दोपहर 3.30 बजे, स्थान - सेक्टर-3, शहीद भगत सिंह गार्डन में रखा गया था किन्तु तत्कालीन मौसम खराब होने पर स्थान परिवर्तन कर एम्स गेट नं1 के सामने ''होटल गगन रेजीडेन्सी, 2 फ्लोर, टाटीबंध रायपुर'' में आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

नोट : केवल स्थान परिवर्तन किया गया है अन्य कार्यक्रम यथावत रहेगी।

अध्यक्ष - नत्थू राम शर्मा
उदया सहकारी गृह निर्माण संस्था मर्या., टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.)
मो. 94255-02415



आम सूचना

ग्राम बरही प.ह.नं. 00026 रा.नि.मं. करहीभदर तहसील व जिला बलोद (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर 460 / 2, 3, 4, 5 व 509 रकबा क्रमशः 1.330 हे., 0.400 हे., 0.240 हे., 0.800 हे. व 0.250 हे. कुल रकबा 3.200 हे. अर्थात् 8 एकड़ के संबंध में।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण की इकरारशुदा भूमि जिसके मूल भूस्वामी किशन सोनकर व टेकूराम सोनकर दोनों पिता श्री गानुराम सोनकर निवासी खुड़मुड़ा साकरा तह. पाटन जिला दुर्ग वालों से जिनके द्वारा इकरारकर्तागण हर्षवर्धन भाले पिता कृष्णा भाले व कुलेश्वर भाले पिता छोटेलाल भाले निवासी पाटन से उनके इकरारशुदा हक की आधिपत्य व स्वामित्व की ग्राम बरही प.ह.नं. 00026 रा.नि.मं. करहीभदर तहसील व जिला बलोद (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर 460 / 2, 3, 4, 5 व 509 रकबा क्रमशः 1.330 हे., 0.400 हे., 0.240 हे., 0.800 हे. व 0.250 हे. कुल रकबा 3.200 हे. अर्थात् 8 एकड़ को क्रय करने का सौदा पक्का कर अग्रिम बयाना राशि प्रदान कर दिया है तथा अब केवल मात्र विक्रय विलेख का निष्पादन किया जाकर पंजीयन कराया जाना मात्र शेष है।

अतः उक्त संव्यवहार के कुल अथवा कुछ भाग से जिस किसी व्यक्ति संस्था, निकाय, बैंक, महाजन, वित्तीय संस्थान, शासकीय अर्धशासकीय संस्था, निगम, मंडल अथवा दिगर किसी व्यक्ति को उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोलिखित कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद गुजरने पर मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन इकरारनामा समय सीमा पर पंजीयन अपने पक्ष में करा ली जावेगी तथा बाद म्याद गुजरने की गई आपत्ति अवैध व शून्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

तदनुसार सूचना जानें।
रायपुर, दिनांक 23.09.2025

महेशमणी साहू, अपर्णा शर्मा, विजय शर्मा, अजय कुमार साहू, अधिवक्तागण
कार्यालय एफ.एफ. 47 डी, ई प्रथम तल श्याम प्लाजा पंडरी बस स्टैण्ड रायपुर तह व जिला रायपुर (छ. ग.)
मो.नं. 9425216457 / 9630465972



आम सूचना

ग्राम रमचण्डी प.ह.नं. 00023 रा.नि.मं. पलौद तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर 929/4/457 रकबा 0.3230 हे. अर्थात् 34767 वर्गफुट के संबंध में।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण की इकरारशुदा भूमि जिसके मूल भूस्वामी अभिषेक शर्मा पिता श्री निर्मल कुमार शर्मा द्वारा मुख्त्यारआम निर्मल कुमार शर्मा पिता स्व. जे.आर. शर्मा निवासी नेहरू नगर भिलाई जिला दुर्ग वालों से जिनके द्वारा इकरारकर्तागण राजकुमार शर्मा पिता स्व. गौरी शंकर शर्मा व अभिषेक सोनी पिता रामप्रकाश सोनी दोनों निवासी रायपुर छ.ग. से उनके इकरारशुदा हक की आधिपत्य व स्वामित्व की ग्राम रमचण्डी प.ह.नं. 00023 रा.नि.मं. पलौद तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर 929/4/457 रकबा 0.3230 हे. अर्थात् 34767 वर्गफुट को क्रय करने का सौदा पक्का कर अग्रिम बयाना राशि प्रदान कर दिया है तथा अब केवल मात्र विक्रय विलेख का निष्पादन किया जाकर पंजीयन कराया जाना मात्र शेष है।

अतः उक्त संव्यवहार के कुल अथवा कुछ भाग से जिस किसी व्यक्ति संस्था, निकाय, बैंक, महाजन, वित्तीय संस्थान, शासकीय अर्धशासकीय संस्था, निगम, मंडल, अथवा दिगर किसी व्यक्ति को उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोलिखित कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद गुजरने पर मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन इकरारनामा समय सीमा पर पंजीयन अपने पक्ष में करा ली जावेगी तथा बाद म्याद गुजरने की गई आपत्ति अवैध व शून्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

तदनुसार सूचना जानें।
रायपुर, दिनांक 23.09.2025

महेशमणी साहू, अपर्णा शर्मा, विजय शर्मा, अजय कुमार साहू, अधिवक्तागण
कार्यालय एफ.एफ. 47 डी, ई प्रथम तल श्याम प्लाजा पंडरी बस स्टैण्ड रायपुर तह व जिला रायपुर (छ. ग.)
मो.नं. 9425216457 / 9630465972



आम सूचना

ग्राम सारखी प.ह.नं. 00022 रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर, 597 / 1 व 597/3 क्रमशः रकबा 0.1330 हे. व 0.4940 हे. कुल रकबा 0.627 हेक्टेयर अर्थात् 1 एकड़ 55 डिसमील के संबंध में।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता राजेन्द्र कुमार शर्मा पिता श्री नाथु प्रसाद शर्मा निवासी विवेकानंद आश्रम, रामकुण्ड, वासुदेव पारा रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) वाले से उनके हक आधिपत्य व स्वामित्व की ग्राम सारखी प.ह.नं. 00022 रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नम्बर, 597/1 व 597/3 क्रमशः रकबा 0.1330 हे. व 0.4940 हे. कुल रकबा 0.627 हेक्टेयर अर्थात् 1 एकड़ 55 डिसमील को क्रय करने का सौदा पक्का कर अग्रिम बयाना राशि प्रदान कर दिया है तथा अब केवल मात्र विक्रय विलेख का निष्पादन किया जाकर पंजीयन कराया जाना मात्र शेष है।

अतः उक्त संव्यवहार के कुल अथवा कुछ भाग से जिस किसी व्यक्ति संस्था, निकाय, बैंक, महाजन, वित्तीय संस्थान, शासकीय अर्धशासकीय संस्था, निगम, मंडल, अथवा दिगर किसी व्यक्ति को उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोलिखित कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन इकरारनामा में उल्लेखित समय अनुसार पंजीयन अपने पक्ष में करा ली जावेगी तथा बाद म्याद गुजरने की गई आपत्ति अवैध व शून्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

तदनुसार सूचना जानें।
रायपुर दिनांक 23.09.2025

महेशमणी साहू, अपर्णा शर्मा, विजय शर्मा, अजय कुमार साहू, अधिवक्तागण
कार्यालय एफ.एफ. 47 डी, ई प्रथम तल श्याम प्लाजा पंडरी बस स्टैण्ड रायपुर तह व जिला रायपुर (छ. ग.)
मो.नं. 9425216457 / 9630465972



कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-17 (बीरगांव), तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग.

:: आम सूचना ::

जारी दिनांक 22/09/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री तुकाराम महिलांगे पिता स्व. मिलापराम महिलांगे निवासी ग्राम दुमग, थाना सरसींवा बिलाईगढ़ द्वारा आवेदित ग्राम बीरगांव प.ह.नं. 88 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 17 (बीरगांव) स्थित भूमि खसरा नंबर 20/41 रकबा 0.0080 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक क/वाचक/ तह./ 2024-25 आदेश दिनांक 18.09.2025 के परिपालन में दिनांक 29.09.2025 को समय 2.00 PM बजे पश्चात् किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 88 बीरगांव के स्थित कार्यालय में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-17 (बीरगांव)



HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### रोड डिवाइडर सौंदर्यीकरण में खर्च होंगे 35 लाख रुपए

**रायपुर।** नगर निगम शदाणी दरबार के पास रोड डिवाइडर का सौंदर्यीकरण करेगा। इस पर 35 लाख रुपए खर्च होंगे। महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर और रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने इस कार्य का भूमिपूजन किया। नगर निगम सामान्य निधि से शदाणी दरबार के समीप मार्ग विभाजक सौंदर्यीकरण कार्य कराया जाएगा। मुख्य मार्ग स्थित इस डिवाइडर पर पौधारोपण कर रंगरोगन सहित अन्य कार्य किए जाएंगे। महापौर मीनल चौबे ने जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे को तत्काल कार्य प्रारंभ कराने और इसकी लगातार मानिटरिंग करते रहने निर्देश दिए। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष सचिन बी. मेघानी, पार्षद पंकज विनय निर्मलकर सहित जोन 10 के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आर्ट ऑफ़ लिविंग का विशेष नवरात्रि पूजा 28 से

**रायपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग का विशेष नवरात्रि पूजन 28 से 30 सितंबर से प्रारंभ होगा। यह कार्यक्रम गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के आशीवार्द से राज्य के दो महत्वपूर्ण स्थानों रायपुर और बिलासपुर में छत्तीसगढ़ आर्ट ऑफ़ लिविंग बैंगलोर के संयुक्त तत्वावधान में होगा। कार्यक्रम रायपुर में ग्रेसियस कॉलेज, राजिम रोड अभनपुर जिला में बैंगलोर से आए वेद पंडितों और स्वामीजी के माध्यम से किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक ने बताया क महागणपति होम, नवग्रह होम, सुब्रमण्यम होम, वास्तु होम रविवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। इसी प्रकार सोमवार और मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# डमी स्कूल के बढ़ते कल्चर को रोकने कवायद, कैंपस में ही लगेंगी कोचिंग क्लासेस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

कोचिंग पर बढ़ रही निर्भरता को कम करने के लिए अब स्कूलों में ही नीट और जेईई के लिए कोचिंग कक्षाएं संचालित करने की तैयारियां की जा रही हैं। सीबीएसई की एक विशेषज्ञ समिति ने स्कूलों में सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज (सीएएस) स्थापित करने की सिफारिश की है, जहां पर इंजीनियरिंग, मेडिकल समेत दूसरे बड़े एंट्रेंस की तैयारी करने वाले छात्रों को गाइडेंस दी जा सके। इसके बाद सीबीएसई मौजूदा संबद्ध स्कूलों को एडवांस स्टडीज शुरू करने की इजाजत दी सकती है। एडवांस स्टडीज का केंद्र स्कूल कैंपस में ही होगा और सेंटर में क्लासेज स्कूल टाइमिंग में ही होंगी। सीएएस में नामांकन स्वैच्छिक होगा। छात्रों को सीएएस से बाहर निकलने और 'स्टैंडर्ड' क्लासेज में अपनी नियमित स्कूली शिक्षा फिर से शुरू करने की आजादी होगी। स्कूल विशेष इनपुट के लिए उच्च शिक्षा और राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के संस्थानों की फैकल्टी के साथ टाइअप कर सकते हैं। सीएएस के लिए कोचिंग संस्थानों के साथ कोई समझौता नहीं होगा।



- नियमित कक्षाओं के साथ कोचिंग की भी तैयारी कर सकेंगे 10वीं से 12वीं तक के छात्र
- फैकल्टी के साथ टाईअप कर सकेंगे विद्यालय, वे ही करेंगे अध्यापन

### गणित की तरह हर विषय में दो लेवल

सीबीएसई ने जिस तरह से 10वीं और 12वीं में मैथ्स के दो लेवल बनाए हैं, उसी तरह से दूसरे कई विषयों के करिकुलम स्टैंडर्ड भी तैयार किए जाएंगे। यह छात्र पर निर्भर होगा कि वह एडवांस करिकुलम का चयन करेगा या फिर दूसरा विकल्प चुनता है। मैथ्स, फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी, कंप्यूटर साइंस, लीगल स्टडीज, अकाउंट्स, इकोनॉमिक्स जैसे विषयों की पढ़ाई व एंट्रेंस की तैयारी एडवांस सेंटर में होगी। कमिटी ने यह स्पष्ट किया है कि सीएएस का विकल्प नहीं चुनने वाले और 'स्टैंडर्ड' क्लासेज में भाग लेने वाले अन्य छात्रों के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो बोर्ड की मंजूरी के बाद स्कूल में एक एडवांस सेंटर होगा, जहां पर नियमित स्कूल की पढ़ाई के साथ-साथ एंट्रेंस टेस्ट की स्पेशल तैयारी भी करवाई जा सकेगी। क्योंकि सीबीएसई ने बोर्ड एग्जाम में 50 प्रतिशत कंपीटेन्सी बेस्ड क्वेश्चन के फॉर्मूले को जारी रखने का फैसला किया है। ऐसे में सीएएस आने से दूसरी क्लासेज में भी कंपीटेंसी को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई होगी।

### सेंटर के लिए होंगे पृथक शिक्षक

सीबीएसई का मानना है कि देश की नामी यूनिवर्सिटी, कॉलेजों में एडमिशन का लक्ष्य रखने वाले छात्र कोचिंग में एंट्रेंस टेस्ट की तैयारी पर ज्यादा समय लगाते हैं। डमी स्कूलों का कल्चर भी उभर रहा है, जिस पर सीबीएसई ने कड़ा शिकंजा कसा है। स्कूलों में सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में उन छात्रों का नामांकन किया जा सकेगा, जो देश के बड़े एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी करना चाहते हैं। हालांकि इसके लिए स्कूलों को अपने यहां कोई फ्रेंचाइजी या डमी स्कूल शुरू करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। स्कूलों को सेंटर के लिए अलग से टीचर्स हायर करने होंगे या अपने ट्रेंड टीचर्स को सेंटर के लिए नियुक्त करना होगा। छात्रों व उनके पैरेंट्स की पहले काउंसलिंग की जाए और उसके बाद एक पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से ही सेंटर के लिए छात्रों का चयन हो।

## नवा रायपुर स्थित सेंध जलाशय में बाढ़ आपदा स्थिति से निपटने किया मॉकड्रिल का आयोजन

# निसदा बांध के 12 गेट खुलने से गांव में बाढ़, इसमें फंसे लोगों को रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नवा रायपुर के सेंध लेक में एक गांव में निसदा बांध के बारह गेट खोलने के कारण बाढ़ आ गई। इस बाढ़ की खबर लगते ही प्रशासनिक अमला तत्काल हरकत में आया और रेस्क्यू अभियान चलाकर बाढ़ के पानी में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।



इस दौरान कई ग्रामीणों की पानी में डूबने से उनकी हालत बिगड़ने लगी थी, जिनका प्राथमिक उपचार करते हुए रेस्क्यू टीम में शामिल चिकित्सकों ने सीपीआर देकर उनके शरीर से पानी बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया। यह पूरी घटना एवं रेस्क्यू अभियान असली नहीं, बल्कि माकड्रिल का हिस्सा है, जिसे प्रशासन ने भविष्य में किसी भी प्रकार की बाढ़ आपदा जैसे हालात से निपटने तथा उसमें फंसे लोगों को सुरक्षित बचाने के उद्देश्य से गुरुवार को कराया है।



### बाढ़ के दौरान जो भी हालात बनते हैं, उसे दर्शाकर चलाया गया रेस्क्यू अभियान

*इस माकड्रिल के दौरान रेस्क्यू टीम ने बाढ़ के दौरान गांव में जो भी स्थिति बनती है, उसे दर्शाते हुए रेस्क्यू अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीणों ने पशुओं के बाढ़ में फंसे होने की जानकारी दी। इसके बाद रेस्क्यू टीम तत्काल उस स्थान पर पहुंची, तो देखा बकरियां उंचे स्थान पर हैं। टीम के सदस्य रस्सी की मदद से ऊपर पहुंचे और बकरियों को बोट के माध्यम से सुरक्षित स्थान पर लाया गया। पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया एवं सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।*

सेंध जलाशय नवा रायपुर में बाढ़ से बचाव के लिए किए गए मॉकड्रिल में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम शामिल रही। इस माकड्रिल का एनडीएमए के वरिष्ठ सलाहकार सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर रवीन्द्र गुरंग और एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेट पवन जोशी ने भी निरीक्षण किया। इस अभ्यास में मिली सफलता के लिए उन्होंने आपदा राहत दल को बधाई दी।

### बुजुर्ग एवं बच्चों को भी बचाव दल ने किया रेस्क्यू

अभ्यास के दौरान रेस्क्यू टीम को बचाव-बचाव की आवाज आने लगी, टीम ने देखा एक बुजुर्ग व्यक्ति और छोटा बच्चा बाढ़ में फंसा हुआ। इसके बाद बचाव दल ने रेस्क्यू कर दोनों को बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार कराने के बाद रेस्क्यू सेंटर पहुंचाया। इसके अलावा एक मकान बाढ़ में ढह गया जिसके बाद राहत बचाव दल ने वहां फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

### पेयजल टेस्टिंग के बाद अफसरों ने किया बाढ़ स्थल का निरीक्षण

बाढ़ आने के बाद जैसे ही बाढ़ का पानी कम हुआ, पीएचई विभाग ने पेयजल टेस्टिंग कराते हुए पानी में क्लोरीन डाला। इस बीच जनसंपर्क विभाग सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से बाढ़ की वास्तविक स्थिति पहुंचाता रहा। अंत में जिला प्रशासन की टीम में अपर कलेक्टर नम्रता जैन, एडीएम उमाशंकर बंदे, अपर कलेक्टर मनीष मिश्रा, आरंग एसडीएम अभिलाषा पैकरा, जिला सेनानी पुष्पराज सिंह, तहसीलदार विनोद साहू ने बोट के माध्यम से बाढ़ स्थल का निरीक्षण किया और सुनिश्चित किया कि बाढ़ में कोई अन्य फंसा तो नहीं। इस मॉकड्रिल के दौरान एनडीआरएफ की 31 सदस्यीय टीम में कमांडर इंस्पेक्टर बरुण कुमार, सब इंस्पेक्टर विकास सैनी, राजीव कुमार और एसडीआरएफ शामिल रहे।

# नाली पर कब्जा कर बनाए दर्जनभर अवैध पाटे तोड़े



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नगर निगम जोन 8 अमले ने कबीर नगर गोल चौक से परशुराम चौक तक मार्ग के नाली पर बनाये गए लगभग दर्जनभर अवैध पाटों को जेसीबी मशीन से तोड़ कर जलभराव की समस्या दूर की। इसके साथ ही सड़क सीमा पर बनाये गए 3 अवैध शेड को तोड़ने में तत्परता दिखाई। पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड के कबीर नगर गोल चौक से भगवान परशुराम चौक तक तेज बारिश के दौरान दुर्गा पंडाल मैदान पर जलभराव की समस्या से लोग परेशान रहे। इसकी शिकायत मिलने पर जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने अभियान चलाकर बड़ी नाली के ऊपर कब्जा जमाकर बनाए गए लगभग 1 दर्जन अवैध पाटे को मशीन लगाकर तोड़कर जलभराव की समस्या दूर की। जोन 8 नगर निवेश विभाग की टीम ने दुकानों के सामने कार पार्किंग करने के नाम पर सड़क सीमा में निर्मित 3 दुकानों के अवैध शेड भी तोड़ गिराए।

- सक्शन मशीन लगाकर कराई सफाई
- कबीरनगर गोल चौक से परशुराम चौक तक अवैध पाटे

## बिजनेस साइट

### 'एचआर इंपैक्ट' विषय पर विशेष कार्यशाला का सफल आयोजन



**रायपुर।** रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) एवं फाडा डब्लूआईएफ के संयुक्त तत्वावधान में 'एचआर इंपैक्ट' विषय पर एक विशेष कार्यशाला होटल मयूरा में आयोजित की गई। कार्यक्रम में लगभग 35 ऑटोमोबाइल डीलरों के एचआर अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। इस अवसर पर फाडा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया, विमेंस फाडा की चेयरमैन रश्मि काले, राडा अध्यक्ष रविन्द्र भसीन, विमेंस फाडा की स्टेट चेयरमैन तवनप्रीत कौर भसीन सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### दिवाकर कौशिक ने संभाला क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक का पदभार



रायपुर। दिवाकर कौशिक ने एनटीपीसी के पश्चिमी क्षेत्र-2 (डब्लूआर-2) के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया है। वर्तमान में वे एनएसपीसीएल (एनटीपीसी-सेल पावर कंपनी लिमिटेड) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। एनआईटी कुरुक्षेत्र से मैकेनिकल इंजीनियरिंग के स्नातक श्री कौशिक ने 1987 में एनटीपीसी में कार्यकारी प्रशिक्षु के रूप में करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने इग्नू से मानव संसाधन प्रबंधन में एमबीए भी किया है। संचालन, ईआरपी और आईटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में उन्हें 38 वर्षों का समृद्ध अनुभव प्राप्त है। अपने करियर में उन्होंने औरैया, फरीदाबाद, दादरी, नोएडा, मौदा, सिम्हाद्री और लारा परियोजनाओं में नेतृत्व किया है।

### श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में विश्व फार्मासिस्ट दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के फार्मेसी संकाय द्वारा विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर 'थिंक हेल्थ, थिंक फार्मासिस्ट' थीम पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों में फार्मेसी पेशे के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विविध शैक्षणिक, सांस्कृतिक व रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। पहले दिन रंगोली, क्विज, पोस्टर प्रेजेंटेशन, स्लोगन लेखन और फूड फेस्ट जैसे कार्यक्रम हुए, जिनमें डी. फार्मा, बी. फार्मा व एम. फार्मा के छात्रों ने उत्साह से भाग लिया।

### ब्लॉक आहार नलिका का सफल इलाज अब श्री नारायणा हॉस्पिटल में पोएम तकनीक से संभव



**रायपुर।** भोजन निगलने में तकलीफ झेल रहे मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। श्री नारायणा हॉस्पिटल, देवेंद्र नगर में अब ब्लॉक आहार नलिका का इलाज बिना सर्जरी, अत्याधुनिक पोयम तकनीक से किया जा रहा है। हाल ही में आयोजित एक दिवसीय वर्कशॉप में हॉस्पिटल के वरिष्ठ गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. भाविक शाह ने वर्षों से ब्लॉक आहार नलिका से पीड़ित कई मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार किया। एंडोस्कोपी द्वारा की गई इस प्रक्रिया के बाद मरीज बिना किसी परेशानी के भोजन ग्रहण कर पा रहे हैं। मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सुनील खेमका ने बताया कि पहले ऐसे मरीजों को सर्जरी ही एकमात्र विकल्प थी, लेकिन अब पोयम तकनीक से इलाज न केवल सुरक्षित है, बल्कि कम खर्चीला और शीघ्र आरोग्यता देने वाला भी है।

### 'विकसित छत्तीसगढ़' पर इशरे रायपुर चैप्टर का टॉक शो आज

**रायपुर।** इशरे रायपुर चैप्टर द्वारा आज शाम को बेबी लॉन कैपिटल में 'विकसित छत्तीसगढ़' विषय पर टॉक शो का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में राज्य के शीर्ष नेतृत्व और विशेषज्ञ एक मंच पर जुटेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे, जबकि डिप्टी सीएम अरुण साव इसकी अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सव्वन्नी और अपैक्स बैंक के अध्यक्ष केदार गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा पर संवाद स्थापित करना है, जहां उद्योग, शिक्षा, तकनीक और नीति निर्माण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन मंथन होगा। इशरे के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत कुमार दास, क्षेत्रीय निदेशक अमरेन्द्र गोस्वामी और देशभर से आए 60 से अधिक प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

ISHRAE RAIPUR CHAPTER

### डॉ. सुनील कालड़ा ने दी किशोरी को नई जिंदगी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले की 21 वर्षीय किशोरी के शरीर पर दुर्घटनावश एसिड गिरने से कंधे से पैर तक का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। सबसे ज्यादा प्रभावित कमर से पैर तक का हिस्सा संक्रमित हो गया। स्थानीय डॉक्टरों ने पैर काटने की सलाह दी, जिससे किशोरी और उसका परिवार परेशान हो गया। तभी एनजीओ कार्यकर्ता मार्को ने स्वास्थ्य मंत्री से संपर्क कर किशोरी के इलाज के लिए मदद मांगी। मंत्री ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया और सरकार ने आर्थिक सहायता स्वीकार की। रायपुर के प्रसिद्ध कॉस्मेटिक व रिकन्स्ट्रक्टिव सर्जन डॉ. सुनील कालड़ा ने 2-3 माह तक इलाज किया। उनकी मेहनत से किशोरी स्वस्थ होकर घर लौटी। शहीद वीर नारायण सिंह सम्मान व डॉ. बी.सी. रॉय अवार्ड से सम्मानित डॉ. कालड़ा ने 2800 से अधिक कटे अंगों को जोड़ने का रिकॉर्ड बनाया है।

### इंडियन बैंक रायपुर ने चलाया स्वच्छता अभियान



**रायपुर।** इंडियन बैंक रायपुर द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत गुरुवार को स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस अवसर पर बैंक के लगभग 50 कार्मिक शंकर नगर स्थित अंचल कार्यालय परिसर में एकत्रित हुए और हाथों में बैनर व प्लेकार्ड लेकर तेलीबांधा तालाब तक पदयात्रा की। पदयात्रा के बाद टीम ने तालाब के किनारे स्थित पगमार्ग पर सफाई अभियान चलाया। साथ ही आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाने के लिए जागरूक किया गया। अभियान का नेतृत्व अंचल प्रबंधक रूपेश अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर उप अंचल प्रबंधक अमित गौरव, अंचल कार्यालय के अन्य अधिकारी और रायपुर शाखा के कई कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### साइबर फ्रॉड से बचाव के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का जागरूकता कार्यक्रम



**रायपुर।** केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, शाखा - छत्तीसगढ़ कॉलेज रायपुर द्वारा सेंट पॉल हायर सेकेंडरी स्कूल में एक विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड से बचाव के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में बैंक के सतर्कता अधिकारी एन.के. मंगल ने छात्रों को संबोधित करते हुए साइबर धोखाधड़ी के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के डिजिटल युग में साइबर अपराधी कई प्रकार के हथकंडे अपनाकर आम नागरिकों को निशाना बना रहे हैं। इसलिए जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। श्री मंगल ने छात्रों को फिशिंग, स्मिशिंग, ओटीपी फ्रॉड, फर्जी कॉल और लिंक से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने साइबर सुरक्षा के कुछ मूल मंत्र भी साझा किए।

निगम स्वास्थ्य विभाग और जोन 10 टीम ने लिया एक्शन

# शराब दुकान के पास अहाता सील, गंदगी फैलाई, हॉटलों पर 18 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी से लगे देवपुरी मुख्य मार्ग स्थित शराब दुकान के पास संचालित अहाते को नगर निगम ने बुधवार को सील कर दिया। गंदगी फैलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ यह बड़ी कार्रवाई निगम के स्वास्थ्य विभाग और जोन 10 की टीम ने की है। इस दौरान 1 डंपर प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास, पानी पाउच की पन्नियां जब्त की गईं। नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने सरकारी शराब दुकान के कर्मचारियों को गंदगी फैलाने पर जमकर फटकार लगाई। इसी तरह अमृतसरी हॉटल कटोरा तालाब में उचित आउटलेट नहीं होने पर 8 हजार की चालानी कार्रवाई की गई। द पंजाबी रेस्टारेंट में आउटलेट समस्या और सफाई पर लगातार तीन नोटिस के बाद भी सुधार न होने पर 10 हजार रुपए जुर्माना की चालानी कार्रवाई की गई। दरअसल, देवपुरी मुख्य मार्ग पर शराब दुकान के आसपास गंदगी फैलाने की लगातार शिकायत नगर निगम को मिल रही थी, इससे वहां की सफाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित रही। निगम आयुक्त विश्वदीप और महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर गुरुवार को नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही और जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे निरीक्षण के लिए पहुंचे। इस दौरान देवपुरी स्थित शराब दुकान और अहाते में भारी गंदगी मिली। इस पर अहाते को सील कर दिया गया है। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने कहा है कि देवपुरी इलाके में संचालित सरकारी शराब दुकान को नोटिस दिया जाएगा। अहाता संचालक प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक से पैक पानी पाउच और डिस्पोजल बेच रहा था, इसे जब्त कर लिया गया है।



## जेल में बंद आशीष सिंदे के हमलावार के भाई पर कोर्ट परिसर में हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

जेल परिसर में दो माह पूर्व ठगी के आरोप में जेल में बंद केके श्रीवास्तव के करीबी आशीष सिंदे पर ब्लेड से हमला करने वाले बदमाश के बड़े भाई पर तीन युवकों ने हमला कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है, आशीष सिंदे पर हुए हमले का बदला लेने बदमाशों ने रोहित के भाई पर हमला किया है। हरि तांडी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उस पर राहुल पांडे, आनंद बोरले और सन्नी पांडेय ने हमला किया है। हरि ने पुलिस को बताया है कि बुधवार को पेशी के दौरान वह अपने भाई रोहित से मिलने कोर्ट आया था। भाई से मिलने के बाद वापस अपने घर लौट रहा था। तभी तीनों युवकों ने उसका रास्ता रोक कर विवाद करते हुए उस पर हमला कर दिया। बदमाशों के हमला करने से हरि की कोहनी तथा गले में चोटें आई हैं। कोर्ट परिसर में इसी तरह से पूर्व में घटना हो चुकी है। इससे कोर्ट परिसर के सुरक्षा पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

### आईएसबीएम विश्वविद्यालय में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



**रायपुर।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर आईएसबीएम विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरुआत कुलसचिव डॉ. बी.पी. भोल ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर की। शिविर में ग्रामीणों के लिए वजन, ऊंचाई, रक्तचाप, पल्स रेट जैसे स्वास्थ्य परीक्षण निशुल्क किए गए। स्वास्थ्य केंद्र मडेली के डॉ. महेंद्र कुमार पात्रे ने मरीजों का परामर्श व उपचार किया। संयोजक राजेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि परीक्षण कार्य प्रशिक्षु फार्मासिस्ट छात्रों द्वारा संपन्न हुआ।



### बालको मेडिकल सेंटर में एसबीआरटी वर्कशॉप संपन्न

**रायपुर।** बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) ने अपने तीसरे 'छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव' के अंतर्गत मध्य भारत की पहली स्टेरियोटैक्टिक बॉडी रेडियोथेरेपी (एसबीआरटी) हैंड्स-ऑन कंटूरिंग वर्कशॉप का आयोजन किया। इस कार्यशाला में लीवर और पेंक्रियाज कैंसर पर केंद्रित प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें देशभर से 100 से अधिक रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट और विशेषज्ञ शामिल हुए। यह उन्नत तकनीक कम साइड इफेक्ट्स के साथ अधिक सटीक इलाज संभव बनाती है। कार्यशाला का नेतृत्व देश के प्रमुख ऑन्कोलॉजिस्ट जैसे डॉ. स्वरूपा मित्रा, डॉ. रीना इंजीनियर और डॉ. सयान पॉल ने किया।










06



मां ने स्वप्न दिया तो श्रीमाली ने ...

लाइव इवेंट

## एनआईटी के 15 प्रोफेसरों को मिला स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी का सम्मान



**रायपुर।** एनआईटी के 15 प्रोफेसरों को वर्ष-2025 के लिए अमेरिका की मशहूर स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की 'विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं' की सूची में शामिल किया गया है। यह सम्मान उन वैज्ञानिकों को दिया जाता है जो अपनी रिसर्च और विज्ञान के क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रहे हैं। इस सूची को हर साल विभिन्न विज्ञान और तकनीकी क्षेत्रों के आधार पर तैयार की जाती है। इसके लिए स्कोपस डेटाबेस के आंकड़ों का इस्तेमाल हुआ, जिसे एल्सेवियर की आईसीएसआर लैब के जरिए तैयार किया। इस पहल का उद्देश्य युवा वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को प्रेरित करना और उनकी प्रतिभा को निखारना है।

### विश्वभर के अनुभवी वैज्ञानिकों के साथ काम करने का मौका

इस सूची में मौजूद प्रत्येक वैज्ञानिक और शोधकर्ताओं को उनकी प्रतिभा के अनुसार चयनित किया गया है। उन्हें अमेरिका के स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के अनुभवी वैज्ञानिकों व अधिकारियों के द्वारा चयन किया गया है। इस स्थिति में प्रत्येक प्रोफेसरों का चयन उनकी योग्यता को और अधिक निखारने में मदद करेगा, इससे अन्य युवा पीढ़ी को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

### चयनित वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के नाम

सूची में बायोटेक्नोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अवनीश कुमार, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. गोविंद प्रसाद गुप्ता, कंप्यूटर विज्ञान, अभियांत्रिकी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष डॉ. दिलीप सिंह सिसोदिया, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रोफेसर डॉ. राकेश त्रिपाठी, बायोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रोफेसर डॉ. प्रतिमा गुप्ता, प्रोफेसर डॉ. बिकेश कुमार सिंह, भौतिकी विभाग के प्रोफेसर डॉ. आयुष खरे, मेटलर्जी एंड मैटेरियल्स इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. सुदीप कुमार सिन्हा, प्रोफेसर डॉ. लता शिव बच्चन उपाध्याय, एप्लाइड जियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. डीसी झारिया, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सचिन जैन, डॉ. राजन कुमार, डॉ.एमके प्रधान, डॉ. एस घोष के नाम शामिल हैं।

सिटी इवेंट

## आदर्श महाविद्यालय में स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन संपन्न



**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय अटारी (रायपुर) में गुरुवार को स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुमन मुथा (प्रांत महिला सह समन्वयक, स्वावलंबी भारत अभियान) व विशिष्ठ अतिथि के रूप में चिराग यादव (रायपुर जिला प्रशिक्षक स्वावलबी भारत अभियान) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तथा प्रभारी प्राचार्य डॉ. रश्मि शर्मा, सहायक प्राध्यापक भौतिकशास्त्र द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करना और युवाओं में स्वदेशी उत्पादों के प्रयोग एवं स्वावलंबन की भावना को प्रोत्साहित कराना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा स्वदेशी उत्पादों का प्रयोग करने, स्वदेशी उत्पादों का महत्व, स्वरोजगार के अवसर, स्टार्ट-अप संस्कृति और आत्मनिर्भर भारत अभियान पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### सेवा पखवाड़ा में उत्साह से लिया भाग

कार्यक्रम के अंत में डॉ. जयेश करंजगावंकर के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यकम का संचालन शांति कुमारी राजवाड़े सहायक प्राध्यापक वनस्पतिशास्त्र के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रासेयो स्वयंसेवक अंतर्यामी बारिक, वंश वर्मा एवं शिवम पांडे का विशेष योगदान रहा। साथ ही महाविद्यालय परिसर में सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन भी किया गया। इसमें महाविद्यालय परिवार के प्राध्यापकों, एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई की गई।




### पश्चिम भारत विज्ञान मेला में 250 प्रतिभागी छात्र होंगे शामिल

**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय जेआर दानी कन्या उ.मा.वि. कालीबाड़ी में बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला 2025-26 का आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी का मुख्य कथानक विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के लिए विज्ञान प्रौद्योगिकी अभियांत्रिकी एवं गणित है। इस प्रतियोगिता में विकासखण्ड स्तर से चयनित होकर लगभग 250 प्रतिभागी शामिल होंगे। सेवा पखवाड़ा में दिव्यांग पब्लिक स्कूल न्यू राजेन्द्र नगर बजाज कॉलोनी में स्कूल प्रांगण में आज 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें मूक-बधिर बच्चों को श्रवण यंत्र वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, भाजपा के शहर अध्यक्ष रमेश ठाकुर और शहर भाजपा जिला के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

● हरिभूमि आईएनएच मीडिया पार्टनर की डांडिया बीट्स 2025 की बीटीआई ग्राउंड में आयोजन

# हे नाम रे सबसे बड़ा तेरा नाम, ओ शेरा वाली... पंखिड़ा तू उड़ ने जाना पावागढ़ रे, के बीट पर डांडिया, रास गरबा की मची धूम



*हे नाम रे सबसे बड़ा तेरा नाम, ओ शेरा वाली ऊंचे डेरा वाली, बिगड़े बना दे मेरे काम नाम रे...। 'पंखिड़ा तू उड़ जाजे पावागढ़ रे' शारदीय नवरात्र पर शहर के विभिन्न स्थानों पर रास गरबा और डांडिया की धूम है, जिसमें लोग पारंपरिक वेशभूषा पहनकर मां दुर्गा की आराधना करने जुट रहे हैं। गरबा डांस करने प्रतिभागी पारंपरिक गरबा थीम बेस्ड ड्रेस में हाथों में डांडिया लेकर गरबा आयोजन स्थल पहुंच रहे हैं।जहां आयोजक टीम द्वारा तय थीम बेस्ड गरबा डांस व सॉग्स पर प्रतिभागी रास गरबा ग्रुप व जोड़ियां आकर्षक डांस प्रस्तुत कर जजेस से सम्मानित व पुरस्कार जीत रहे हैं। गुरुवार को कुछ जगहों पर रास गरबा का आयोजन शुरू हुआ। इसमें मीडिया पार्टनर हरिभूमि आईएनएच की डांडिया बीट्स 2025, बीटीआई ग्राउंड, रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस एवं रोटरी क्लब ऑफ ग्रेटर का वीआईपी रोड स्थित ओमाया गार्डन बैंक्विट हॉल में घुमर रास गरबा, देवेंद्र नगर रास गरबा, गुढ़ियारी रास गरबा मंगलम भवन में रास गरबा का आयोजन हो रहा है।*



### प्रेम का रंग-घूमर रास गरबा के संग



रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस एवं रोटरी क्लब ऑफ ग्रेटर नवकार ज्वेलर्स, अष्टविनायक रियलिटी के सौजन्य से गुरुवार को वीआईपी रोड स्थित ओमाया गार्डन बैंक्विट हॉल में भव्य घूमर रास गरबा का आयोजन किया गया। सुप्रसिद्ध गायिका नंदनी त्यागी (जयपुर) और अनुज चितलंगिया ने माता रानी को गरबा करके रिझाया और देर रात गरबा का आनंद लिया।

### मारुति मंगल भवन गुढ़ियारी में रास गरबा

गुढ़ियारी मारुति मंगलम में श्रीरानी सत्ती दादीजी का मंगल पाठ 511 महिलाएं द्वारा किया गया। समिति के सदस्य विकास सेठिया ने बताया कि गुढ़ियारी रास गरबा उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष मारुति मंगल भवन गुढ़ियारी में गरबा का आयोजन किया जाता है। 8 दिवसीय रास गरबा में प्रतिदिन डायमंड रिंग का इनाम दिया जाएगा। वहीं, 51000 रुपए का नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा। साथ ही लोग पारिवारिक माहौल में पारंपरिक वेशभूषा में लाइव बैंड के साथ गरबा खेलने का मजा उठा रहे हैं। विशेष सहयोग श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट गुढ़ियारी का है।



### डांडिया बाइट्स का विशेष आकर्षक उपहार

आयोजकों ने बताया कि डांडिया बाइट्स 2025 में प्रतिदिन एटी ज्वेलर्स की ओर से एक भाग्यशाली विजेता को डायमंड रिंग भेंट की जा रही है। इसके अतिरिक्त आयोजन समिति द्वारा 100 से अधिक आकर्षक उपहार पारंपरिक वेशभूषा में गरबा करने वाले प्रतिभागियों को प्रदान किए जा रहे हैं। आकर्षक डायमंड रिंग पाकर प्रतिभागी व उनके फैमिली खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। सैंकड़ों की संख्या में डांडिया बाइट्स खेलने फैमिली मेंबर्स, डांडिया ग्रुप्स पहुंच रहे हैं। गरबा में जजमेंट का कार्य गुंजन चौहान ने किया।

**रायपुर।** संकल्प नवरात्रि एवं रास गरबा उत्सव समिति, शंकर नगर रायपुर द्वारा 'डांडिया बीट्स 2025' का भव्य आयोजन बीटीआई ग्राउंड शंकर नगर रायपुर में किया जा रहा है। यह आयोजन संकल्प नवरात्रि एवं रास गरबा उत्सव समिति का लगातार 14वां वर्ष है। इस गरिमामयी आयोजन का संचालन कार्यक्रम प्रमुख संजय श्रीवास्तव अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के मार्गदर्शन में हो रहा है। आयोजन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र को प्रिंट मीडिया पार्टनर, आईएनएच (24x7) को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पार्टनर एवं 94.3 माय एफएम को रेडियो पार्टनर के रूप में जोड़ा गया है।



### अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के बच्चों ने उठाया रास गरबा का लुप्त

अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के प्रांगण में नवरात्र के उपलक्ष्य में दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में बाबूलाल ज्वेलर्स की ओर से चांदी के सिक्के, साड़ी, गिफ्ट हैम्पर सहित कई आकर्षक पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर डॉ. राकेश पांडे, अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष मृत्युंजय त्रिपाठी, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे एवं गिरीश दुबे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## गरबा की तर्ज पर सुआ-कर्मा और पंथी से सज रहा नवरात माता जस तिहार, सवांगा में पहुंच रहीं सभी टोलियां

**रायपुर।** शहर में जगह-जगह गरबा उत्सव की धूम मच रही है। इस बीच डीडी नगर सेक्टर-2 में लगातार दूसरे साल भी सांस्कृतिक परिपालन मंच ने पारंपरिक तरीके से दुर्गा पंडाल सजाने के साथ ही माता की प्रतिमा को छत्तीसगढ़ी सवांगा से इस बार थीम बेस्ड किया है। यहां पारंपरिक सुआ, कर्मा, पंथी गीतों पर छत्तीसगढ़ी नृत्य से माता को रिझाने के लिए उत्सव स्थल पर गुरुवार की रात भी महिलाओं, पुरुषों और युवाओं की आठ टोलियां पहुंचीं। छत्तीसगढ़ी लोकगीतों से माता के दरबार में आस्था का रंग चढ़ाने के लिए महिलाओं की टोलियां ज्यादा पहुंच रही हैं। इससे शाम 7 बजे से 10 रात बजे तक गीत-संगीत से उत्सव का माहौल बन रहा है। इसमें उत्साही युवा भी पारंपरिक ड्रेस कोड कुर्ता, पैजामा, धोती पहनकर सुआ, कर्मा और पंथी नृत्य करने के लिए उत्सव स्थल पर रोज टोलियों के साथ पहुंचते हैं।

### हर वर्ग को सवांगा उपलब्ध करवाने लगाया स्टाल

आयोजकों ने उत्सव का हिस्सा बनने के लिए तय सवांगा जिनके पास उपलब्ध नहीं है, ऐसी महिलाओं और पुरुषों की टोलियों को लोक संस्कृति से जुड़ा सवांगा उपलब्ध करवाने के लिए स्टाल भी लगाया है। जहां तय समय के लिए किराए पर जरूरी सवांगा उपलब्ध करवा रहे हैं। इससे लोगों को उत्सव में शामिल होने के लिए ज्यादा परेशानी नहीं हो रही है। इस उत्सव में शामिल होने के लिए आयोजकों ने छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत और लोक नृत्यों से माता के दरबार में उत्सव का रूप दे रहे हैं। इसमें महिलाओं और युवतियों की भागीदारी से उत्सव में भक्ति का रंग चढ़ता है।



### लोक संस्कृति को बढ़ावा देने की पहल

तरी हरि ना ना मोर, जसगीत और पंथी गीतों पर रात 8 बजे से उत्सव की श्रृंखला सज रही है। इसमें महिलाओं की सहभागिता सबसे ज्यादा देखने को मिली। स्कूल-कॉलेज की छात्राएं भी इस पारंपरिक उत्सव का हिस्सा बनने उत्साह से पहुंच रही हैं। आयोजन को इस बार भी सफल बनाने में तुकाराम साहू, सुनील वर्मा, ऋचा वर्मा, मदन साहू, कुणाल बघे, रेणु साहू और मयंक सहयोग दे रहे हैं। इनके मार्गदर्शन में सुआ नाच के माध्यम से छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का प्रयास लगातार दूसरे साल भी दुर्गा उत्सव में किया जा रहा है।

कार्नर न्यूज

### जीएसटी दरों में बदलाव से बाजार में बढ़ी रौनक, दैनिक उपयोग की वस्तुएं हुईं सस्ती

## महिलाओं के कॉस्मेटिक प्रोडक्ट की कीमत घटी, अब मनपसंद ब्रांडेड कंपनी के पाउडर में मात्र 5 प्रतिशत की जीएसटी दर

**रायपुर।** नए जीएसटी दर लागू होने के साथ ही बाजारों में रौनक दिखने लगी है, लोगों के चेहरे पर अपनी मनपसंद वस्तुएं कम कीमत में खरीदने की खुशी दिख रही है। रोजमर्रा की जिंदगी में इस्तेमाल होने वाले स्टेशनरी, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, पूजन सामग्री अब पहले से सस्ती मिल रही हैं। इसकी वजह है सरकार का नया जीएसटी टैक्स, जो 22 सितंबर से बाजारों में लागू हुआ है। इन दिनों गोलबाजार, सदरबाजार और दूसरे बड़े बाजार के दुकानदारों ने बताया कि अब ग्राहक बिना झिझक सामान खरीद रहे हैं। पहले टैक्स ज्यादा होने की वजह से कुछ सामान महंगे पड़ते थे, लेकिन अब दाम कम हो गए हैं।

शहर के व्यापारियों ने बताया कि बच्चों की पढ़ाई का खर्च परिजनों के लिए थोड़ा कम होगा। वहीं, त्योहार में साज-सज्जा और पूजा की तैयारी में भी लोगों को राहत मिली है। हरिभूमि से बातचीत के दौरान व्यापारियों ने कहा कि दुकान में नया स्टॉक, अब नए जीएसटी दर के अनुसार लाया जाएगा। इसमें महिलाओं का मनपसंद कॉम्पेक्ट पाउडर में 18% से घटाकर 5% जीएसटी दर तय किया गया है। अब महिलाएं अपने मनपसंद ब्रांडेड कंपनी का पाउडर कम कीमत में खरीद सकती हैं।



### नए स्टॉक से सस्ती होंगी किताबें

सदर बाजार स्थित अंजता बुक डिपो के संचालक सत्यम चौहान ने बताया कि पहले स्टेशनरी आइटम्स पर 12% और 18% जीएसटी लगता था, जिसे अब घटाकर 5% कर दिया गया है। पहले लघु व्यापारी जीएसटी दरों के कारण ए4 साइज के पेपर स्टॉक में नहीं रखते थे, लेकिन दरों में कटौती के बाद अब ये अधिकांश स्टेशनरी दुकानों में उपलब्ध होंगे। अन्य व्यापारियों ने बताया कि दुकानों में नया स्टॉक आते ही स्टेशनरी सामानों की कीमतों में भी कमी देखने को मिलेगी। नोटबुक पर 12% से घटकर 5% और रीडिंग बुक्स पर अब 0% जीएसटी लागू रहेगा।



### पाउडर प्रोडक्ट्स पर 18% से घटकर 5% जीएसटी दर

बंजारी रोड स्थित कॉस्मेटिक दुकान संचालक जितेन्द्र कुमार दखानी ने बताया कि महिलाओं के मेकअप प्रोडक्ट में कॉम्पेक्ट पाउडर या पाउडर से संबंधित प्रत्येक वस्तुओं में जीएसटी दर कम की गई है। पहले जहां 18 % जीएसटी दर जुड़ता था, वह अब घटकर 5% हो गया है। इसके अलावा लिपस्टिक, फाउंडेशन, आईलाइनर, मस्कारा, काजल जैसी अन्य वस्तुओं में जीएसटी दर कम नहीं हुई है। वहीं कंगन, ज्वेलरी में पहले से ही 3 % जीएसटी दर लिया जाता था, जो वर्तमान में भी निर्धारित रहेगा।

### दीपावली में डेकोरेशन और इलेक्ट्रॉनिक बाजार करेगा बूम

टैक्स कम होने से दीपावली पर्व पर डेकोरेशन और इलेक्ट्रॉनिक सामान बाजारों में सस्ते कीमत पर मिलेगा। पूजन एवं सजावटी वस्तुओं के थोक व्यापारी विमल कुमार जैन ने बताया कि डेकोरेशन और इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं में जीएसटी दरें कम हुई हैं। जहां थोक व्यापारी लघु व्यापारियों को कम कीमतों पर वस्तुएं बेचना शुरू कर दिए हैं। साथ ही पूजा-पाठ से संबंधित सामग्री में ट्रैक्स फ्री हो चुका है। वहीं, कुछ महंगे सामानों में 5% टैक्स रखा गया है। आने वाले एक-दो दिनों में सीए सूची जारी करेंगे, जिसमें प्रत्येक छोटे-बड़े वस्तुओं में जीएसटी दरों की जानकारी होगी। इसके बाद ही एचएसएन कोड के अनुसार ही खरीदी-बिक्री का सिलसिला शुरू होगा।

## दुर्गोत्सव



छत्तीसगढ़ वीर कुंवर संघ, अश्वनी नगर



रामकुंड जनकल्याण समिति, आश्रम चौक



श्री नवदुर्गा उत्सव समिति अयोध्या नगर, मठपुरैना



श्री बाके बिहारी दुर्गोत्सव समिति चूड़ी लाईन, सदर बाजार



शांति रेसीडेंसी परिवार, आम्रपाली



माँ दुर्गा महिला दुर्गोत्सव समिति आरडीए कालोनी,ो टिकरापारा



प्रयास दुर्गाउत्सव समिति लखेर ओली, नयापारा




न्य आजाद चौक दुर्गोत्सव समिति, आमापारा



छत्तीसगढ़ युवा दुर्गोत्सव समिति, अमृत चौक, टिकरापारा



उत्कल दुर्गा उत्सव समिति, रामकुंड उत्कल, बस्ती



श्रीराम जानकारी शिव मंदिर दुर्गोत्सव समिति, अयोध्यानगर, मठपुरैना



जय माँ अम्बे दुर्गोत्सव समिति, टैगोर नगर



जय माता भवानी दुर्गोत्सव समिति, संगम चौक

● शारदीय नवरात्र की पंचमी पूजा शनिवार को, मंदिरों में व्रती भक्तों की माता दर्शन को उमड़ेगी भीड़

# बंजारी माता की दो समय श्रृंगार आरती, 56 भोग का चढ़ावा पंचमी के दिन ढोल-नगाड़े के साथ बैगा पूजा की तैयारी पूरी

*शारदीय नवरात्र की पंचमी पूजा शनिवार को की जाएगी। इसकी तैयारी मंदिरों में शुरू कर दी गई है। माता का सोलह श्रृंगार किया जाएगा। फूलों व सतरंगी लाइट से मंदिर प्रांगण सजाए गए है। राजधानी के ऐतिहासिक बंजारी माता मंदिर रावांभाठा में शारदीय नवरात्र पर सुबह व शाम बंजारी माता की श्रृंगार आरती व 56 भोग का चढ़ावा चढ़ाया जा रहा है।*



**रायपुर।** मंदिर के प्रमुख पुजारी डॉ. हरिप्रसाद जोशी ने बताया कि इस बार शारदीय नवरात्र के 10 दिवस होने के चलते पंचमी पूजा शनिवार के दिन मंदिर में आयोजित की जा रही है। पंचमी के दिन मंदिर में बैगा समूह पारंपरिक पूजा करेंगे।

इस दौरान मंदिर में प्रज्ज्वलित माई कलश के ऊपर अखंड कलश जलाएंगे, फिर ढोल-नगाड़े के साथ गाते-बजाते बैगा समूह व भक्तगण ठाकुर देवता के गांव में जाकर सभी देवी-देवताओं की विधि-विधान से पूजा अर्चना की परंपरा को पूरा करेंगे। बंजारी माता मंदिर में पूरे 10 दिन नवरात्र तक भक्तों के लिए भंडारा प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। पंचमी के दिन विशेष रूप से भक्तों के लिए दो भंडारे का आयोजन किया गया है। इसी तरह शहर के पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर के पुजारी पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि पंचमी के दिन माता की फूलों से विशेष श्रृंगार किया जाता है। वहीं, पंचमी के दिन माता के दर्शन के लिए व्रती भक्तों की भीड़ उमड़ती है। इसी तरह से शहर के अन्य देवी मंदिरों में काली मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर सहित सभी देवी मंदिरों में पंचमी की पूजा के लिए पहुंचने वाले भक्तों के लिए व्यवस्था आदि की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### पंचमी के दिन मंदिरों में व्रती भक्तों का लगेगा तांता

पंचमी के दिन शहर के सभी देवी मंदिरों में व्रती भक्तों का तांता रहेगा। इस दिन मां स्कंदमाता की पूजा होती है, जो अपने हाथों में कमल का फूल और भगवान स्कंद को गोद में धारण किए हुए हैं। स्कंदमाता को पीला रंग प्रिय है, इसलिए भक्त पीले रंग के वस्त्र पहनते हैं और पीले रंग के भोज्य पदार्थ जैसे पीली मिठाई, केसरयुक्त खीर, केला, हलवा आदि का भोग लगाते हैं। मंदिरों में अखंड ज्योति जलाई जाती है और दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जाता है, जिससे वातावरण भक्तिमय होगा।

### पंचमी के दिन स्कंदमाता की विशेष पूजा

शारदीय नवरात्र की पंचमी तिथि को स्कंदमाता की विशेष पूजा होती है, जिसमें मंदिरों को पहले से ही सजा लिया गया है। भक्त देवी को पीले रंग के वस्त्र चढ़ाते हैं, पीले रंग के फलों का भोग लगाते हैं और स्कंदमाता की पूजा पीले रंग की सामग्री से करते हैं। मंदिरों में देवी की आरती, दुर्गा सप्तशती पाठ और अखंड ज्योति जलाए जाने के साथ-साथ भक्तों के लिए फलाहार का भी वितरण किया जाएगा। नवरात्र शुरू होने से पहले ही मंदिरों की रंगाई-पुताई और साफ-सफाई का कार्य पूरा किया जा चुका है। पंचमी पर फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से आकर्षक सजावट मंदिरों में की जा रही है। मंदिर में आने वाले भक्तों की सुविधा और सुरक्षा के लिए मंदिर समितियों और प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। देवी स्कंदमाता का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। प्रतिदिन मंगला व संध्या आरती में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मंदिरों में देवी दुर्गा की पूजा के दौरान फलाहार, खिचड़ी का वितरण, भोग-भंडारा का आयोजन किए जा रहे हैं।

## आकाशीय आतिशबाजी डब्ल्यूआरएस में होगा आकर्षण का केन्द्र, जलेगा 101 फीट का रावण

**रायपुर।** नेशनल क्लब द्वारा इस साल ऐतिहासिक दशहरा उत्सव मनाने डब्ल्यूआरएस मैदान में तैयारी शुरू की गई है। इस बार 101 फीट ऊंचा रावण और 75-75 फीट ऊंचे मेघनाथ- कुंभकरण का स्वरूप तैयार किया जा रहा है। नेशनल क्लब के संस्थापक जी. स्वामी ने बताया कि इस बार दशहरा मैदान में आने वाले लोगों को आकाशीय आतिशबाजी ज्यादा देखने को मिलेगी। इसके लिए पश्चिम बंगाल के कारीगरों को जिम्मेदारी दी गई है। इतना ही नहीं, मैदान पर कुंभकरण का स्वरूप लोगों को पसंद आने वाला है। इसे बनाने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसके अलावा व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए इस बार वीआईपी मूवमेंट मंडी गेट से डब्ल्यूआरएस डीजल लोको शेड की तरफ से मंच तक होगा। आम लोगों के लिए तीन रास्ते आने-जाने के लिए होंगे।



**मैदान पर सेना को डराएंगे रावण-मेघनाथ :** दशहरा उत्सव के 55वें वर्ष को खास बनाने के लिए इस बार दर्शकों को रावण दहन से पहले ही नहीं, बल्कि रावण दहन के बाद भी आकर्षक आतिशबाजी देखने को मिलेगी। इसके लिए कारीगरों ने अलग से टीम तय की है, जो सिर्फ आतिशबाजी को विशेष बनाने के लिए खास फार्मूला बना रहे हैं। जिससे पटाखे की गूंज के बीच कभी रावण, कुंभकरण और मेघनाथ डराने का प्रयास करेंगे, तो कभी मायाजाल से सांप विष उगलते नजर आएंगे। इस बार आयोजन की व्यवस्था पर फोकस किया जाएगा, ताकि आने वाले लोगों को उत्सव का माहौल भी मिले।

## बिटिया जन्मोत्सव में 201 कन्याओं का चुनरी पहनाकर की गई आरती



**रायपुर।** सामाजिक संस्था नवसृजन मंच द्वारा सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में बिटिया जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। 10 दिन से लेकर 6 माह की बेटियों को लेकर उनके माता-पिता कार्यक्रम में पहुंचे। इस आयोजन के अंतर्गत 201 बेटियों के साथ माता- पिता का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहिब, अध्यक्ष राज्य अल्पसंख्यक आयोग अमरजीत सिंह छाबड़ा, अध्यक्ष राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के वर्णिका शर्मा, एनसीसी अधिकारी शीला खांडे उपस्थित थे।

### नौ महिलाएं हुईं सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान गुरु खुशवंत साहिब ने कहा, नवरात्र के समय बेटियों को सम्मानित करना और कन्या पूजन करना सौभाग्य की बात है। कन्या पूजन कर 201 बेटियों की आरती की गई। मां दुर्गा का स्वरूप धारण की हुई नन्ही बच्ची जसलीन कौर हाथों में त्रिशूल थामे विशेष आकर्षण का केंद्र रही। सभी नन्ही बच्चियों को माता की चुनरी ओढाई गई और उनकी आरती उतारी गई। आहार विशेषज्ञ श्रद्धा द्विवेदी ने आहार और पोषण सम्बंधित जानकारी देते हुए कहा कि बच्चे के जन्म के बाद अक्सर मां अपने आहार को लेकर उतनी गम्भीर नहीं रहती। उन्होंने आहार पोषण को लेकर लापरवाही न बरत कर खानपान पर विशेष गौर करने की बात कही। इस अवसर पर कन्या शक्ति सम्मान से नौ महिलाओं को सम्मानित किया गया।

## दैनिक जीवन में योग आत्मचिंतन, आत्मसाक्षात्कार और संतुलन का मार्ग

**रायपुर।** डॉ. राधाबाई शासकीय नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जन्तु विज्ञान विभाग द्वारा 'युवाओं में बढ़ते तनाव एवं आत्महत्या प्रवृत्ति' विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। गुरुवार को महाविद्यालय के सभागार में आयोजित व्याख्यान सत्र प्राचार्या डॉ. प्रीति मिश्रा के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन के उपायों से अवगत कराना एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

मुख्य वक्ता शहीद राजीव पांडे नवीन महाविद्यालय से डॉ. रेणु महेश्वरी ने कहा कि दैनिक जीवन में योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि आत्मचिंतन, आत्मसाक्षात्कार और जीवन में संतुलन का मार्ग है। योग के अभ्यास से तनाव कम होता है, शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य सुधरता है और संतुलित जीवन की अनुभूति होती हैं। योग का उल्लेख प्राचीन भारतीय ग्रंथों जैसे



ऋग्वेद, रामायण, महाभारत और भगवद् गीता में भी मिलता है। इसे महर्षि पतंजलि ने प्रतिपादित योगदर्शन में सत्य, अहिंसा व ब्रह्मचर्य जैसे मूल्यों पर बल दिया है।

## डोंगरगढ़ यात्रा के लिए निशुल्क 4 बस रवाना

**रायपुर।** नवरात्र के पावन अवसर पर काली माता सेवा समिति द्वारा निशुल्क डोंगरगढ़ यात्रा बस सेवा शुरू की गई है। यह बस सेवा विगत 10 वर्षों से निरंतर चलाई जा रही है। इसके तहत गुरुवार को कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने नवरात्र के चतुर्थ दिन मां कालीमाता मंदिर से चार बसों को मातृशक्ति ध्वज दिखाकर मां बम्लेश्वरी दर्शन के लिए रवाना किया। गुरु खुशवंत ने कहा कि मां बम्लेश्वरी सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करें।



नवरात्र पर जाने बूढ़ेश्वर चौक स्थित मां शीतला माता मंदिर की आस्था से जुड़ी बातें

# मां ने स्वप्न दिया तो श्रीमाली ने बगीचे की खुदाई करवाई जिस जगह माता शीतला का स्वयंभू स्वरूप, वहीं बना श्रीधाम

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शहर के लोग आते-जाते बूढ़ेश्वर चौक स्थित मां शीतला के श्रीधाम में दर्शन के लिए भी जाते हैं। इस प्राचीन देवी मंदिर से जुड़ी कई ऐसी मान्यताएं और प्रसंग हैं, जो इस आस्था केन्द्र से हर वर्ग के लोग जुड़ते हैं। पूजा उत्सव का हिस्सा भी बनते हैं, लेकिन उस देवी मंदिर की धार्मिक और पौराणिक महत्ता क्या है। इसके बारे में कम लोग ही जानते हैं। माता के श्रीधाम से जुड़ी जानकारी मंदिर के प्रमुख पुजारी एवं पीठाधीश्वर नीरज सैनी चौक ने बताया कि मंदिर का निर्माण करीब 250 साल पहले स्व. राजरानी श्रीमाली एवं उनके पति ने करवाया था। जिस स्थान पर मंदिर का निर्माण श्रीमाली दंपती ने करवाया, वहां पहले दलदलनुमा उनका बगीचा हुआ करता था। जहां श्रीमाली परिवार द्वारा गृह निर्माण शुरू करने पर कुलदेवी ने स्व. राजरानी को स्वप्न में बताया कि मैं शीतला माता हूं। जिस जगह घर बनवा रहे हो, वह देव स्थान है। खुदाई करके मुझे बाहर निकालो एवं उसी स्थान पर सेवा करो।



### बगीचे में घर की जगह माता का श्रीधाम

पीठाधीश्वर ने बताया कि इतिहास के जानकार बताते हैं कि 11वीं शताब्दी में क्षेत्र की जमीन धंस गई थी। संभव है उस घटना की वजह से 11वीं शताब्दी में जहां पर संत-मुनियों द्वारा माता की सेवा की जाती रही हो, वह क्षेत्र भी प्रभावित हुआ। कालांतर में श्रीमाली परिवार ने उस जमीन पर घर बनाने का निर्णय लिया, तब निर्माण के दौरान माता ने स्वप्न दिया और बगीचे में घर की जगह माता का श्रीधाम बनवाया गया। यहां माता से जुड़ी रोग-बाधाओं की शांति के लिए लोग जल लेने के लिए आते हैं। इतना ही नहीं, जुड़मास के लिए भी माता की आस्था में नियमों का पालन करते हुए उन्हें व्यंजनों का भोग लगाते हैं।

### विधि-विधान से उसी स्थान पर सेवा

पुजारी ने आगे बताया कि जब स्वप्न के बारे में स्व. राजरानी ने परिजनों को बताया तो पति ने घर बनवाने का फैसला बदलते हुए उस स्थान की खोदाई करवाई। निर्देशित स्थान पर स्वयंभू स्वरूप में श्री शीतला माता कुंड सहित पाई गईं। उसी स्थान पर उनकी सेवा करने मंदिर का निर्माण करवाया। चारों तरफ खुदाई करने पर कई पिण्ड पाए गए। इन सभी को मंदिर बनवाने के बाद परिसर में स्थित प्राचीन पीपल वृक्ष के नीचे विधि-विधान से स्थापित किया गया था, जो आज भी यथावत विद्यमान है। श्रद्धालुओं की आस्था माता से जुड़ी हुई है, लोग तिथिगत महत्ता का पालन करते हुए पूजा करने नवरात्र में ही नहीं, सामान्य दिनों में भी परिवार के साथ पूजा-आरती में शामिल होते हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### महिला क्रिकेट में तमिलनाडु और विदर्भ ने जीते अपने मैच



**रायपुर।** छत्तीसगढ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ कप 2025 तृतीय संस्करण – सीनियर वुमेंस टी 20 क्रिकेट टुर्नामेंट 2025 का आयोजन 21 सिंतबर से किया जा रहा है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, बंगाल, झारखंड तथा विदर्भ की टीमें हिस्सा ले रहीं। गुरुवार को खेले गए 2 मैच में तमिलनाडु तथा विदर्भ ने अपने-अपने मैच जीते। पहला मैच तमिलनाडु बनाम बंगाल के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंर्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में सुबह 10.15 बजे से खेला गया। मैदान गीला होने की वजह से मैच 15-15 ओवरों का खेला गया। बंगाल वुमेंस ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। तमिलनाडु ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 15 ओवरों में 5 विकेट खोकर 111 रन बनाये। तमिलनाडु की की ओर से कमलिनी जी ने सर्वाधिक 57 रन बनाये। उनके अतिरिक्त शुभहरीनी ने 15 रन तथा अर्शी चौधरी ने 13 रनों की पारी खेली। बंगाल की ओर से सायका इशाक ने 2 विकेट तथा मीता पॉल ने 1 विकेट प्राप्त किये। 112 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगाल वुमेंस की टीम ने की शुरुवात अच्छी नही रही तथा उनके दोनों प्रारंभिक बल्लेबाज शून्य पर आउट हो गए। बंगाल टीम 14.3 ओवरों में 75 रन ही बना सकी। बंगाल की ओर से सास्थी मंडल ने 30 रन, मीता पॉल ने 17 रन तथा रुपल तिवारी ने 13 रन नाबाद बनाए। वही तमिलनाडु की ओर से अक्षरा श्रिनीवासन ने 3 विकेट तथा कीर्तना ने 2 विकेट प्राप्त किये। 57 रन बनाकर जी कमलिनी प्लेयर ऑफ द मैच बनीं। तमिलनाडु ने 36 रनों से मैच जीत लिया। दूसरा मैच छत्तीसगढ तथा विदर्भ के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंर्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 1.15 बजे से खेला गया। छत्तीसगढ वुमेंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये में निर्धारित 20 ओवरों में 10 विकेट खोकर 139 रन बनाये। छत्तीसगढ की ओर से नेहा बडवाइक ने सर्वाधिक 54 रन बनाये। साथ ही तरन्नुम पठान ने 26 रन तथा कृति गुप्ता ने 25 रनों का योगदान दिया। शिवी पांडे ने भी महत्वपूर्ण 18 रन बनाये। विदर्भ की ओर से कोमल ने 4 विकेट तथा कंचन नागवानी ने 3 विकेट प्राप्त किये। 140 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी विदर्भ वुमेंस की टीम ने 17.3 ओवरों में 1 विकेट खोकर 141 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। विदर्भ की ओर से दिषा कसत ने नाबाद 67 रन तथा मोना मेश्राम ने नाबाद 72 रनों योगदान दिया। वही छत्तीसगढ की ओर से अदिति पनवार 1 विकेट प्राप्त किये। कोमल ने प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त किया। विदर्भ ने 9 विकेट से मैच जीत लिया।

### राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस 5 को



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति द्वारा स्व. श्री गुलाब चंद जी शर्मा स्मृति प्रथम छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2025 का आयोजन सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में 05 अक्टूबर रविवार को किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता पुरुष एवं महिला एकल (आयु वर्ग 40, 50, 60, 65, 70, 75) वर्ग हेतु कुल मिलाकर 12 वर्गों में आयोजित की जा रही है। उक्त प्रतियोगिता के सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव सार्थक शुक्ला ने जानकारी दी कि प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों से कुल मिलाकर लगभग 150 पुरुष एवं महिला खिलाडियों के भाग लेने की संभावना है एवं प्रतियोगिता लीग पद्धति में खेली जायेगी जिससे यह सुनिश्चित होगा कि प्रत्येक खिलाड़ी को कई मैच खेलने का अवसर मिले। यह आयोजन टेबल टेनिस के क्षेत्र में वरिष्ठ खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ राज्य स्तर पर मास्टर्स खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा और समरसता बढ़ाने का महत्वपूर्ण प्रयास है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से छत्तीसगढ़ में टेबल टेनिस खेल को और अधिक मजबूत एवं व्यवस्थित बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे अनुभवी खिलाड़ियों को खेलने का अवसर मिले और युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने। प्रतियोगिता के दौरान खेल भावना, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन को बढ़ावा दिया जाएगा। आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के पंजीकृत खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे तथा प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टि कि अंतिम तिथि 28 सितंबर है।

### फेफड़ों के स्वास्थ्य को लेकर जागरुकता आज सबसे बड़ी जरूरत

# बैठे-बैठे जॉब करने वाले भी हो सकते हैं फेफड़ों की बीमारियों के शिकार, जानिए इसकी वजह

फेफड़ों की बढ़ती बीमारियां चिंताजनक हैं क्योंकि इसके कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। लंग्स कैंसर वैश्विक स्तर पर बड़ी चुनौती बनकर उभरा है जो हर साल डेढ़ लाख से अधिक लोगों की जान ले रहा है। अध्ययनकर्ता बताते हैं, इन समस्याओं को काफी हद तक रोका जा सकता है अगर सभी लोग अपने जोखिमों पर ध्यान देते हुए इससे बचाव के लिए निरंतर प्रयास करते रहें।

शोध बताते हैं कि धूम्रपान फेफड़ों की ज्यादातर बीमारियों के लिए प्रमुख कारण है। फेफड़ों के कैंसर से होने वाली 80% मौतें धूम्रपान से ही संबंधित पाई जाती हैं। इसी तरह से वायु प्रदूषण, विशेषतौर पर इनडोर प्रदूषण भी इस महत्वपूर्ण अंग के लिए खतरनाक हो सकता है।

डॉक्टर बताते हैं, बाहरी प्रदूषण की तरह खराब इनडोर वायु गुणवत्ता भी फेफड़ों की गंभीर समस्याओं, अस्थमा-ब्रोंकाइटिस और यहां तक कि कैंसर का खतरा बढ़ा सकती है।



## वेंटिलेशन की कमी खतरनाक

ज्यादातर ऑफिस कांच के शीशों और एयर कंडीशन से पैक होते हैं, लिहाजा इमारतों में उचित वेंटिलेशन की व्यवस्था का अभाव हो सकता है। इसकी वजह से बंद कमरों में ताजी हवा नहीं आ पाती और न ही अंदर की हवा बाहर जा पाती है। इस तरह की स्थितियों में न सिर्फ श्वसन संक्रमण फैलने का खतरा अधिक होता है, साथ ही इससे दीर्घकालिक तौर पर फेफड़ों को भी क्षति पहुंच सकती है। चूंकि अधिकतर लोग अपने दिन का ज्यादातर समय ऑफिस में ही बिताते हैं, ऐसे में इनमें फेफड़ों की समस्याओं का जोखिम और अधिक हो सकता है।

## क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ अमित प्रकाश बताते हैं, खराब या लो-वेंटिलेशन वाली जगहों पर हवा में 100 गुना अधिक सूक्ष्म कण हो सकते हैं। इनडोर वायु प्रदूषकों के संपर्क में रहने के कारण फेफड़ों में संक्रमण जैसे निमोनिया होने का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा ये शरीर पर तत्काल प्रभाव भी पैदा कर सकते हैं जैसे कि आंखों, नाक और गले में जलन, सिरदर्द, चक्कर आना आदि। अस्थमा या अन्य श्वसन समस्याओं से परेशान रोगियों में इनडोर प्रदूषण लक्षणों को और भी खराब कर सकती है।

## किन्हें इसका खतरा अधिक?

डॉक्टर बताते हैं, लंग्स कैंसर वाले कई मरीज जो सिगरेट नहीं पीते थे, उनकी हिस्ट्री जानने के दौरान पता चला कि या तो उनमें सेकेंड हैंड स्मोकिंग या फिर इनडोर प्रदूषण के कारण ये समस्या विकसित हुई। वैसे तो इनडोर प्रदूषण के कारण होने वाली समस्याओं का जोखिम किसी को भी हो सकता है। पर जो लोग अधिकतर समय बंद कमरों या ऑफिस में बिताते हैं या फिर पहले से ही फेफड़ों की बीमारी के शिकार हैं उनमें जटिलताएं अधिक देखी जाती हैं। बच्चों का भी ज्यादातर समय स्कूल में बीतता है, इसकी वजह से इनडोर वायु प्रदूषण के नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों का जोखिम इनमें भी अधिक हो सकता है।

## डब्ल्यूएचओ की सलाह

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एक रिपोर्ट में बताया कि वयस्कों में फेफड़ों के कैंसर से होने वाली लगभग 11% मौतें इनडोर वायु प्रदूषण से उत्पन्न कैंसरकारी तत्वों के कारण होती हैं। इस प्रकार के प्रदूषकों से बचे रहने और अपने स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए घरों में वेंटिलेशन की अच्छी व्यवस्था रखना जरूरी है। कमरों में खिड़कियां लगवाएं जिससे बाहर से साफ हवा आ सके और अंदर की हवा बाहर निकल सके। घरों की साफ सफाई के लिए हानिकारक रसायन वाले उत्पाद का इस्तेमाल न करें।

# नवरात्रि में करें वास्तु उपाय, घर में आएगी सुख-समृद्धि



वास्तु शास्त्र के अनुसार, नवरात्रि में की गई पूजा और उपायों का प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है। आइए जानें नवरात्रि में देवी कृपा पाने के लिए किन वास्तु टिप्स को अपनाया जा सकता है। नवरात्रि का त्योहार न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह आध्यात्मिक उन्नति और घर में सकारात्मक ऊर्जा लाने का भी विशेष समय होता है। भक्तगण व्रत, पूजा और साधना के साथ-साथ घर में शुभता बढ़ाने के लिए कुछ वास्तु उपाय भी करते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार, नवरात्रि में की गई पूजा और उपायों का प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है। आइए जानें नवरात्रि में देवी कृपा पाने के लिए किन वास्तु टिप्स को अपनाया जा सकता है।

## घर में साफ-सफाई रखें

शारदीय नवरात्रि से पहले घर की संपूर्ण सफाई करना बेहद जरूरी माना जाता है, क्योंकि यह पर्व मां दुर्गा के स्वागत का प्रतीक होता है। विशेष रूप से घर का उत्तर-पूर्व दिशा वाला हिस्सा यानी ईशान कोण साफ और व्यवस्थित होना चाहिए।



# कहीं आप भी तो नहीं हो रहे घोस्टिंग के शिकार

घोस्टिंग यह ऐसा शब्द है जो हाल ही में प्रचलन में आया है। आपने अपने दोस्तों के मुंह से इस शब्द का उच्चारण सुना होगा, पर बहुत से लोग आज भी यह नहीं जानते हैं कि आखिर यह घोस्टिंग है क्या ? दरअसल, जब कोई व्यक्ति अचानक और बिना खास वजह के आपसे दूर होने लगे और आपको इग्नोर करने लगे तो इसे घोस्टिंग कहते हैं। कई बार घोस्टिंग के मामले मेंटल हेल्थ से जुड़े होते है, क्योंकि बहुत से लोगों में रिश्ता स्वीकारने की हिम्मत नहीं होती, जिस वजह से भी वह घोस्टिंग का सहारा लेकर अपने पार्टनर को इग्नोर कर देते हैं। ऐसे में अक्सर मनोवैज्ञानिक भी कहते हैं अपनी जिंदगी में घोस्टर्स को जगह नहीं देनी चाहिए। अगर आप यह सोच रहे हैं कि आप भी घोस्टिंग के शिकार हो रहे हैं, तो यहां कुछ संकेत हैं जिनसे आप पहचान सकते हैं। यदि इन संकेतों के जबाव हां मिल रहा है, तो तुरंत उस व्यक्ति से दूरी बनाएं।

## अचानक बात कर दे बंद

हर किसी में कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिनसे नियमित रूप से बातचीत होती है। ऐसे में अगर वही व्यक्ति बिना किसी वजह से अचानक बात करना बंद कर दे तो यह घोस्टिंग का संकेत हो सकता है।



## मैसेज का जबाव न देना

कोई व्यक्ति इतना व्यस्त नहीं होता, कि वो एक मैसेज का जवाब न दे पाए। ऐसे में यदि आपका भेजा हुआ संदेश सीन करके छोड़ दिया जाए, तो यह एक स्पष्ट संकेत हो सकता है कि आप घोस्टिंग का शिकार हो रहे हैं।





















शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"

माननीय विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार छ.ग. शासन के उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र कं. 1889 नया रायपुर दि. 4.8.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यो को महाविद्यालयीन ग्रंथालय हेतु उक्त शोधग्रंथ को उपयोगितानुसार कय किया जाने का आदेश जारी किया गया है। प्राप्ति स्थल–सेन्ट्रल बुक हाउस, पुस्तक प्रतिष्ठान सदर बाजार रायपुर आदि पुस्तक दुकानों में उपलब्ध है, पृष्ठ संख्या 420, मुल्य 700 रू.। महाविद्यालयों के ग्रंथालयों हेतु 25% छुट के लिए सम्पर्क करे – डॉ.टी.आर.रामटेके, संजय नगर, मुख्य मार्ग, रायपुर (छ.ग.), मो.8349362428।







शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"

शोधलेखक डॉ.टी.आर.रामटेके। (पीएच.डी. उपाधि हेतु इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छ.ग. से स्वीकृत शोधप्रबंध )। जिसमें छत्तीसगढ़ के किले, पुरातात्विक स्मारकों की स्थापत्य कला तथा छत्तीसगढ़ के प्राचीन काल से कलचुरी काल (ई.1750) तक का राजनीतिक इतिहास को लगभग 150 रेखाचित्र एवं 450 रंगीन छायाचित्र के माध्यम से विश्लेषण किया गया है। जिसे राज्य के महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं को समझना आवश्यक है, जो सीजीपीएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उपयोगी है।












**खबर संक्षेप**

### यूथ कांग्रेस में फिलहाल नहीं होंगे संगठन चुनाव



**रायपुर।** यूथ कांग्रेस में इस वर्ष संगठन चुनाव नहीं होंगे। हालांकि संगठनात्मक बदलाव और नई नियुक्तियां होंगी। सक्रिय न रहने वाले पदाधिकारियों को पदमुक्त किया जाएगा, वहीं नए साथियों को शामिल किया जाएगा। अनुसूचित जाति-जनजाति और ओबीसी वर्ग के युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा विभिन्न स्तर पर चुनाव जीतने वाले साथियों को प्राथमिकता दी जाएगी। गुरुवार को राजीव भवन में रखी गई प्रेसवार्ता में युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय सचिव अमित पठानिया ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में युवा कांग्रेस का संगठन निरंतर सक्रिय और सशक्त भूमिका में है। लेकिन बदलते हालात में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की आवश्यकता है, जिसके लिए कई अहम बदलाव किए जाएंगे।

### पीएम सूर्यघर योजना पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू ने छत्तीसगढ़ में बढ़ी हुई बिजली दर हमला बोलते हुए कहा, छूट योजना में की गई कटौती से आम जनता त्रस्त है। अभी बरसात का मौसम है, गर्मी में तो बिजली की खपत जब बढ़ेगी तब जनता की परेशानी और बढ़ जाएगी। प्रदेश महासचिव सूरज उपाध्याय ने कहा, सरकार की पीएम सूर्यघर योजना पूंजीपतियों के पैनल बेचने का एक तरीका है। प्रदेश संगठन महासचिव उत्तम जायसवाल और देवलाल नरेटी ने संयुक्त रूप से कहा, में कोयला हमारा, जमीन हमारी, पानी हमारा लेकिन भाजपा निर्मित महंगाई के चलते हमसे ही बिजली के महंगे दाम वसूले जा रहे हैं।

### बचत उत्सव मनाने भाजपा पहुंची डूमरतराई थोक बाजार



**रायपुर।** न्यू जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म बचत उत्सव मनाने भाजपा के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, चैंबर अध्यक्ष सतीश थोरानी, बीजेपी जीएसटी रिफॉर्म के जिला संयोजक ललित जैसिंघ सभी नेताओं थोक बाजार डूमरतराई पहुंच कर व्यापारियों से मुलाकात कर बचत उत्सव पर मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर विधायक श्री साहू ने कहा, नवरात्रि में बहुत बड़ा उपहार मोदी सरकार ने दिया है एसोसिएशन अध्यक्ष से अपील जीएसटी का फायदा नीचे दुकान तक पहुंचे। बीजेपी प्रदेश महामंत्री श्री जैन ने कहा 90% घरेलू उपयोग की वस्तु की टैक्स कम हुई है ग्राहक के चेहरे में खुशी देखने को मिल रही है। इस अवसर पर राधाकृष्ण सुंदरानी, तनेश आहूजा, डूमरतराई थोक बाजार अध्यक्ष प्रेम पाहुजा, गोविंद माहेश्वरी, राम मंधान, रतन अग्रवाल, प्रशांत गुप्ता, प्रताप पोपटानी, त्रिलोक संगतानी, धनेश मटलानी, रितेश वाधवा, हरीश नारिसघनी उपस्थित थे।

### मूक-बधिर बच्चों का श्रवण यंत्र वितरण कार्यक्रम आज

**रायपुर।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत रायपुर भाजपा जिला इकाई शहर द्वारा न्यू राजेंद्र नगर बजाजा कॉलोनी में 26 सितंबर को अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल में एक कार्यक्रम में रखा गया है। इस आयोजन में मूक-बधिर बच्चों को श्रवण यंत्र वितरित किया जाएगा और स्कूल प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया जाएगा। कार्यक्रम में समिति के प्रकाश शर्मा ने बताया कि, मंत्री गरु खुशवंत साहेब, मोतीलाल साहू, भाजपा के रायपुर शहर अध्यक्ष रमेश ठाकुर और रायपुर शहर भाजपा जिला के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# महापौर मीनल की दो टूक, अब किसी भी बगीचे में चाय-नाश्ते के हॉटल नहीं खुलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**अलग खबर**

महापौर मीनल चौबे ने साफ तौर पर कहा है कि रायपुर शहर के किसी भी उद्यान का व्यावसायीकरण नहीं होगा। उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों से पूछा कि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग एक्ट के तहत उद्यानों में 5 फीसदी भूमि किस प्रयोजन के लिए छोड़ी जाती है? क्या उद्यान में हॉटल और नाश्ते की दुकान नियम के तहत खोली जा सकती है, उन्होंने अधिकारियों से बैठक में इसका जवाब मांगा। महात्मा गांधी सदन के सभागार में महापौर मीनल चौबे ने गुरुवार को निगम के पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा करने बैठक बुलाई। बैठक में पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग अध्यक्ष भोलाराम साहू, अपर आयुक्त विनोद पांडे, अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े, उपायुक्त जसदेव सिंह बाबरा, कार्यपालन अभियंता गजानंद कंवर, सहायक अभियंता आशीष श्रीवास्तव, सोहन गुप्ता, निगम मुख्यालय उद्यान विभाग के उप अभियंता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान महापौर मीनल चौबे ने शहर के सभी उद्यानों की जोनवार समीक्षा करते हुए प्रत्येक उद्यान के संधारण और रखरखाव कार्य को सुव्यवस्थित तरीके से करवाने निर्देश दिये।

## अधिकारियों से किया सवाल, उद्यान में 5 फीसदी भूमि छोड़ने का क्या है प्रयोजन



### बगीचों के कामकाज के लिए बजट का प्रावधान

महापौर मीनल चौबे ने समीक्षा बैठक में विभाग अध्यक्ष भोलाराम साहू की मांग पर दस जोन के 70 वार्ड स्थित 206 बगीचों में आवश्यक कार्य पूरा कराने 10-10 लाख रुपये की बजट राशि का प्रावधान किया। इससे आने वाले दिनों में बगीचों के देखरेख, झूले ,फिसलपट्टी की टूटफूट, बारिश के दौरान बगीचों में कीचड़ से बचाव के लिए बजरी डालकर मरम्मत सहित अन्य आवश्यक कार्य को जोन स्तर ही कराने में आसानी होगी। उद्यानिकी विभाग अध्यक्ष भोलाराम साहू ने बैठक में विभाग की समस्या रखते हुए महापौर मीनल चौबे का ध्यान इस बात की ओर आकर्षित कराया कि वे जोन अधिकारियों के साथ समय-समय पर बगीचों की स्थिति का ऑकलन करने औचक निरीक्षण पर जाते हैं, पर दिक्कत ये है कि बगीचों में छिटपुट कार्य कराने जोन के पास राशि नहीं होती। इसीलिए जोन के बजाय निगम मुख्यालय पर निर्भर रहना पड़ता है। महापौर मीनल चौबे ने उनकी इस परेशानी को सुनते हुए उद्यान विभाग को जोन स्तर पर 10-10 लाख रुपये की राशि उद्यानों के रखरखाव सहित अन्य कार्यों के लिए उपलब्ध कराने निर्देशित किया।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा में सामने आई कार्रवाई की जानकारी

# दोंदेखुर्द-लालपुर, छपोरा में चूना पत्थर खदान में अवैध खनन, तीन लाख रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के दोंदेखुर्द, लालपुर एवं ग्राम छपोरा में चूना पत्थर खदान में अवैध रूप से खनन कराए जाने के मामले में खनिज विभाग ने गंगोत्री फर्म से किया अनुबंध निरस्त कर दिया है। साथ ही अवैध रूप से चूना पत्थर का खनन कर भंडारण करने के मामले में फर्म से 2 लाख 80 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला है। इस कार्रवाई की जानकारी जिला पंचायत की सामान्य सभा में मामला उठने के बाद सामने आई है। इधर सूत्रों के अनुसार विभाग की इस कार्रवाई के बाद भी दोंदेखुर्द एवं ग्राम छपोरा में इस कारोबार से जुड़े माफिया द्वारा अवैध रूप से चूना पत्थर खनन कराया जा रहा है। विभाग के अधिकारी एवं इंस्पेक्टरों ने इस कार्रवाई के बाद से इस क्षेत्र का निरीक्षण करना ही बंद कर दिया है, जिसके कारण अवैध खनन पर रोक नहीं लग पा रही है।



### पर्यावरण विभाग से डस्ट पटिंग की एनओसी लेना अनिवार्य

*चूना पत्थर से संबंधित खदान में खनन एवं भंडारण करने के लिए खनिज विभाग से अनुमति के अलावा पर्यावरण विभाग से डस्ट पटिंग के लिए एनओसी लेना अनिवार्य है। दोंदेखुर्द, लालपुर एवं छपोरा में खनन के लिए पर्यावरण विभाग से एनओसी नहीं लिया गया था। इसके बाद भी फर्म द्वारा यहां अवैध रूप से खनन कराया जा रहा था।*

### पर्यावरण विभाग की अनुमति के बिना खदानों में कई सालों तक चलता रहा खनन-भंडारण

*दोंदेखुर्द, लालपुर, छपोरा सहित धनसुली, धरसींवा क्षेत्र में चूना पत्थर की अनेकों खदानें हैं। इनमें ऐसी कई खदानें हैं, जिन्हें पर्यावरण विभाग से अनुमति ही नहीं मिल पाई है। इसके बाद भी इन खदानों में धड़ल्ले से खुदाई और भंडारण किया जा रहा है। ऐसे मामलों में ज्यादातर कार्रवाई खानापूर्ति रही है, जिसके कारण अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर भी पूरी तरह से रोक नहीं लग पाई है।*

### 21 अवैध खनन एवं 288 अवैध परिवहन के मामले में कार्रवाई

विभागीय आंकड़ों के अनुसार जिले में अवैध खनन और परिवहन के मामले में तीन सौ से ज्यादा प्रकरण में कार्रवाई हुई है। इनमें अवैध खनन के 21 प्रकरण में 48 लाख 28 हजार रुपए का अर्थदंड तथा अवैध परिवहन के 288 प्रकरण में 1 करोड़ 3 लाख से ज्यादा राशि वसूल की गई है। इस कार्रवाई से भी पता चलता है कि अवैध खनन एवं परिवहन के मामले में विभाग कार्रवाई तो कर रहा है, लेकिन इसे रोकने में असफल रहा है।

### जिला पंचायत सदस्य सरोज चंद्रवंशी ने मांगी थी जानकारी

दोंदेखुर्द, लालपुर एवं ग्राम छपोरा में अवैध खनन एवं गंगोत्री फर्म से अनुबंध से संबंधित जानकारी के लिए जिला पंचायत सदस्य सरोज चंद्रवंशी ने सामान्य सभा की बैठक में प्रश्न लगाया था। इस प्रश्न के जवाब में जिला खनिज विभाग ने यह जानकारी दी है।

# यश, निरंजन की पुलिस रिमांड, नीतेश जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

करोड़ों रुपए के शराब घोटाला के आरोप में पिछले सप्ताह गिरफ्तार किए गए सेवानिवृत्त आईएएस तथा तत्कालीन आबकारी आयुक्त निरंजन दास, होटल कारोबारी नीतेश पुरोहित तथा उसके बेटे को ईओडब्लू ने रिमांड खत्म होने के बाद गुरुवार को कोर्ट में पेश किया। ईओडब्लू की विशेष अदालत ने नीतेश को 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया है। यश तथा निरंजन से पूछताछ करने कोर्ट ने चार दिन की पुलिस रिमांड स्वीकृत की है।



शराब घोटाले में पूर्व आबकारी आयुक्त गिरफ्तार, इधर आंध्र में ईडी का एक्शन

ईओडब्ल्यू की बड़ी कार्रवाई

पूर्व आयुक्त पर सिंडीकेट को मदद कर करोड़ों रुपए अर्जित करने का आरोप

3500 करोड़ का शराब घोटाला, पांच राज्यों के 20 ठिकानों पर छापे

कोर्ट ने जिन दो लोगों की पुलिस रिमांड स्वीकृत की है, उनमें निरंजन दास की घोटाला में अहम भूमिका रही है। निरंजन दास पूरे सिस्टम के संचालन में अहम भूमिका निभा रहे थे। पूर्व आबकारी आयुक्त तय करता था कि किस जिले में कौन अधिकारी रहेगा, किसकी शराब की बिक्री होगी और किसकी बोतल सप्लाई की जाएगी। इस नेटवर्क को अरुणपति त्रिपाठी के साथ मिलकर चलाने की जिम्मेदारी भी उन्हीं पर थी। जांच में ईओडब्लू के अफसरों को जानकारी मिली है कि शराब घोटाला में निरंजन दास को 30 करोड़ रुपये से अधिक का कमीशन मिला है। घोटाला में यश पुरोहित की भी अहम भूमिका रही है। इस वजह से ईओडब्लू ने उससे भी पूछताछ करने रिमांड हासिल की है।

### रकम पहुंचाने का काम करता था पुरोहित

नीतेश तथा अनवर ढेबर दोनों बचपन के दोस्त हैं। शराब कारोबार में नीतेश की मजबूत पकड़ थी। इस वजह से शराब सिस्टम में उसकी प्रभावी भूमिका थी। नीतेश के बेटे यश पुरोहित ने भी कई प्रोजेक्ट और कंपनियों में निवेश कर लाभ कमाया। रायपुर सहित अन्य शहरों में उसने करीब 250 करोड़ रुपए का निवेश किया और 50 करोड़ से ज्यादा का फायदा उठाया। वहीं शराब घोटाले की रकम को कहां छोड़ना है, इसकी जानकारी ढेबर नीतेश को देता था।

### चैतन्य और दीपेन से पूछताछ

सूत्रों के मुताबिक ईओडब्ल्यू की टीम ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य और दीपेन चावड़ा से घोटाले की विस्तृत प्रक्रिया, लेन-देन और संबंधित दस्तावेजों के बारे में गुरुवार को लंबी पूछताछ की है। ईओडब्ल्यू के अफसरों ने इस दौरान किसी भी तरह की छेड़छाड़ या गुमराह करने वाले जवाब को रोकने के लिए सख्त निगरानी रखी। ईओडब्लू के अफसरों ने चैतन्य बघेल से वाट्सएप चैट को लेकर भी सवाल जवाब किए।

# कांग्रेस बिजली बिल के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ जन जागरण, विरोध प्रदर्शन, बिजली दफ्तरों का घेराव किया जायेगा

कांग्रेस ने कहा कि भाजपा सरकार को बिजली बिल हाफ योजना फिर से शुरू करनी ही पड़ेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, बढ़े हुये बिजली बिल के कारण प्रदेश का आम आदमी परेशान है। भाजपा सरकार ने पिछले पौने दो सालों में तीन बार बिजली का दाम बढ़ाया है और 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर दिया है, जिसके कारण प्रदेश का गरीब और मध्य वर्ग का बजट बिगड़ गया है। बढ़े बिजली के बिल के कारण सरकार के खिलाफ जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना फिर से शुरू नहीं की और बिजली के दाम नहीं घटाए, तो भाजपा के नेताओं का जनता के बीच जाना मुश्किल हो जायेगा। उन्होंने कहा, इस माह बढ़े हुए आए बिजली बिल के कारण जनता परेशान हो गई है। औसतन हर उपभोक्ता का बिजली बिल दोगुना आया है। बिजली बिल ज्यादा आने के तीन कारण हैं। पहला सरकार ने बिजली का दाम बढ़ा दिया है। दूसरा बिजली बिल हाफ योजना बंद हो गई। तीसरा स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, जो अनाप शनाप खपत से अधिक रीडिंग बता रहा, जिससे बिल अधिक आ रहा। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है, कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगी दर पर बिजली बेची जा रही है। सरकार के इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन चलायेगी।

# पंडरी में कैट के नए प्रदेश कार्यालय का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के पुराना बसस्टैंड पंडरी क्षेत्र में कैट छत्तीसगढ़ इकाई के नए प्रदेश कार्यालय का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर कैट कनेक्ट ऐप और बेवसाइट का लांच किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय चेयरमैन बृजमोहन अग्रवाल ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी उपस्थित रहे।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, प्रदेश चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि गरिमामय कार्यक्रम के बीच कैट के नए प्रदेश कार्यालय का भव्य शुभारंभ हुआ। इसके साथ ही कैट कनेक्ट ऐप एवं वेबसाइट लॉन्च किया गया। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल आह्वान प्राथमिकता होनी चाहिए। विदेशी कंपनियों की अनुचित व्यापार नीतियों से छोटे व्यापारी प्रभावित हो रहे हैं, जिससे भारत के स्थानीय व्यापार को बड़ा नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता आज विश्वस्तरीय है और कीमत भी उचित है।

# 20 माह में छत्तीसगढ़ बना देश का बड़ा इन्वेस्टमेंट हब : अमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ सरकार ने निवेश जमीन पर लाने लाई शानदार उद्योग और लॉजिस्टिक नीति

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने कहा, 20 महीनों में छत्तीसगढ़ देश का बड़ा इन्वेस्टमेंट हब बना है। आज छत्तीसगढ़ निवेशकों की पहली पसंद है। इंडस्ट्री डायलॉग 2 में छत्तीसगढ़ को निवेशकों द्वारा 1.25 लाख करोड़ के नए निवेश प्रस्ताव मिले हैं। दिल्ली समिट में 15 हजार 184 करोड़, मुम्बई समिट में 6 हजार करोड़ और बैंगलुरू समिट में ऊर्जा क्षेत्र में वृहद निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। वहीं पॉलीमैटेक इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा नवा रायपुर में 1100 करोड़ की लागत से सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापित किया जा रहा है। यहां हर साल 10 अरब चिप्स का उत्पादन होगा। स्वास्थ्य, वेलनेस और पर्यटन के क्षेत्र में 3119 करोड़ रुपए का प्रस्ताव मिला है। श्री चिमनानी ने बताया, रैकबैंक द्वारा 150 मेगावाट क्षमता का डेटा सेंटर भी बन रहा है, जिससे बड़ी संख्या में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस नीति की वजह से पिछले सात माह में ही अब तक लगभग 7 लाख करोड़ का निवेश छत्तीसगढ़ आ चुका है, इसमें पावर सेक्टर में तीन लाख करोड़ निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। उन्होंने कहा, अनुसूचित जाति-जनजाति, महिलाओं, पूर्व सैनिकों, नक्सल प्रभावित लोगों और आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। एमएसएमई और स्टार्टअप्स को सस्ती दरों पर जमीन और बेहतर एफएआर (बिल्डिंग की ऊंचाई की छूट) मिल रही है। औसतन देखे तो प्रति महीने छत्तीसगढ़ को 35 हजार करोड़ और प्रतिदिन 1200 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिल रहे हैं।

श्री चिमनानी ने कहा, छत्तीसगढ़ का रेलवे बजट 22 गुना बढ़ा दिया है और रेलवे द्वारा यहां 47 हजार करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं पर काम हो रहा है। श्री चिमनानी ने कहा, छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय लॉजिस्टिक हब बनाने के उद्देश्य से राज्य के लॉजिस्टिक सेक्टर को मजबूत करने नई लॉजिस्टिक पॉलिसी लाई गई है। श्री चिमनानी ने कहा, दुकान एवं स्थापना अधिनियम 2025 लागू किया गया है, जिससे छोटे व्यापारियों को राहत मिली है। श्री चिमनानी ने कहा कि नवा रायपुर को आईटी, फार्मा और एजुकेशन का हब बनाने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है।

# लोक निर्माण विभाग में सात मुख्य अभियंताओं के तबादले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

■ ज्ञानेश्वर को एनएच का प्रभार

राज्य शासन ने लोक निर्माण विभाग में 7 मुख्य अभियंताओं के तबादले और नई पदस्थापना का आदेश जारी किया है। मंत्रालय से जारी आदेश के अनुसार, प्रमुख अभियंता कार्यालय, नवा रायपुर में वास्तुविद, डिजाइन और सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ के मुख्य अभियंता आरके रात्रे को बिलासपुर परिक्षेत्र का मुख्य अभियंता बनाया गया है।

इसी तरह सरगुजा परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता नागेश कुमार जयंत को दुर्ग परिक्षेत्र, एडीबी परियोजनाओं के निदेशक पीएम कश्यप को रायपुर परिक्षेत्र और रायपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता ज्ञानेश्वर कश्यप को राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र का मुख्य अभियंता नियुक्त किया गया है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता एमएल उरांव को बस्तर परिक्षेत्र भेजा गया है। साथ ही बस्तर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता जीआर रावटे को प्रमुख अभियंता कार्यालय, नवा रायपुर में वास्तुविद, डिजाइन एवं सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ का दायित्व



सौंपा गया है। वहीं दुर्ग परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता भोलाशंकर बघेल को सरगुजा परिक्षेत्र का मुख्य अभियंता बनाया गया है।

### कोर्राम होंगे सीई प्रशासन

*बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता विजय सिंह कोर्राम की नई पदस्थापना प्रमुख अभियंता कार्यालय, नवा रायपुर में मुख्य अभियंता (प्रशासन) के रूप में की गई है। लोक निर्माण विभाग द्वारा की गई इस व्यापक तबादला सूची से परिक्षेत्रवार कार्यों के निष्पादन और परियोजनाओं के संचालन में गति आने की संभावना जताई जा रही है।*

### गोदड़ीवाले संत बाबा हरदास राम साहेब का वर्सी महोत्सव आज से

**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला घाम में तीन दिवसीय 26 से 28 तक संत बाबा हरदासराम साहेब का 34वीं वर्सी महोत्सव मनाया जाएगा। वर्सी महोत्सव में छत्तीसगढ़ के 11 धामों के अलावा भारतवर्ष के 65 गोदड़ीवाला धामों में से अनेक धामों के श्रद्धालू व बाबा भक्त आएंगे। कार्यक्रम के पहले दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे हवन, 11 बजे झंडावंदन, रात्रि 8 बजे अखंड पाठ साहब का आरंभ होगा। शाम 5 बजे से रात्रि 1 बजे तक संतों एवं भजन मंडलियों द्वारा सत्संग व भजन का कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम संत बाबा गेलाराम साहेब के आशीर्वाद से व जलगांव साहेब के महंत साई देवीदास व देवपुरी धाम की महंत अम्मा मीरादेवी के सानिध्य में धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी दरबार के सेवादारी इंदर सचदेव, हरि ईसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के दूसरे शनिवार को सुबह 11 बजे भगवान श्री झुलेलाल का बाहराणा साहेब एवं 1 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसी दौरान शाम 5 बजे से रात्रि 1 बजे तक संतों एवं भजन मंडलियों का कार्यक्रम होगा। तीसरे दिन रविवार को शाम 5 बजे से 8 बजे तक संतों एवं भजन मंडलियों का कार्यक्रम व सत्संग होगा।



# जीएसटी उत्सव के भाजपा सरकार के दावों की पोल खोलने उतरे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा सरकार द्वारा जीएसटी में कमी को लेकर उत्सव मनाने और मुख्यमंत्री द्वारा व्यापारियों से मुलाकात कर लाभ बताने के दावे के बीच कांग्रेस नेता आज सड़क पर उतरकर वास्तविक सच्चाई जानने निकले। कांग्रेस नेता कोतवाली चौक से जय स्तंभ चौक तक स्थित मालवीय रोड के समस्त व्यापारी जनों से मिले और बातचीत की। चर्चा के दौरान अधिकतर व्यापारियों ने कांग्रेस नेताओं से खुलकर कहा, जीएसटी के कारण हमारा धंधा चौपट हो गया है। छोटे व्यापारी दिन-प्रतिदिन घाटे में जा रहे हैं। न ग्राहक बढ़े न कारोबार, ऊपर से कागज़ी झंझट और टैक्स का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। कुछ व्यापारियों ने तो यह तक कहा कि बीते 8 साल में हमें मुनाफा छोड़िए, व्यवसाय टिकाना ही मुश्किल हो गया है।



कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री जब किसी व्यापारी के कंधे पर हाथ रखकर पूछते हैं कि जीएसटी कमी से आपको फायदा हुआ या नहीं, तो व्यापारी मजबूरीवश हां कह देते हैं, जबकि हकीकत यह है कि जीएसटी के कारण छोटे व्यापारियों और दुकानदारों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार केवल दिखावा कर रही है और वास्तविकता छुपा रही है। कांग्रेस पार्टी जनता और व्यापारियों की सच्चाई को सामने लाने का काम करती रहेगी।